विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911

# तरुण छत्तीसगढ़

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 26 | कोरबा, शनिवार, दिनांक 26 अक्टूबर 2024 डाक 27 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
केंद्रपाड़ा में गुरुवार देर रात चक्रवात दाना के आने के बाद तलचुआ गांव में एक पेड़ उखड़कर एक घर पर गिर गया



**देश-विदेश**
रूस-यूक्रेन युद्ध में किम जोंग उन के सैनिकों की एंट्री जेलेंस्की के दावे पर बोले पुतिन- हम जो चाहे कर सकते हैं



**फीचर पेज**
अत्यधिक भीड़ भी नहीं बनेगी आस्था की डुबकी लगाने में रुकावट



# इस्राइल ने सीरिया के सैन्य ठिकानों पर भी किया हवाई हमला, ईरान ने दी बदले की धमकी

**सीरियाई, 26 अक्टूबर [एजेंसी]।**

इस्राइली सेना ने ईरान के साथ ही सीरिया के सैन्य ठिकानों पर भी हवाई हमले किए हैं। सीरियाई मीडिया के अनुसार, इस्राइल ने सीरिया के मध्य और दक्षिणी हिस्सों में हमले किए। सीरिया की वायु सेना ने इस्राइल से लॉन्च की गईं कुछ मिसाइलों को हवा में ही तबाह कर दिया, वहीं कुछ मिसाइलों ने सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। ये मिसाइलें गोलन हाइट्स इलाके की तरफ से दागी गईं। इस्राइल ने शनिवार को ईरान पर भी हवाई हमले किए हैं। ईरान में भी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया है। ईरान ने इस्राइली हमले की पुष्टि की है और साथ ही बदला लेने की धमकी भी दी है।

सीरिया में ईरान समर्थित संगठन हैं, जो इस्राइल पर लंबे समय से हमले करते आ रहे हैं। हालांकि 7 अक्तूबर की घटना के बाद से इन हमलों में तेजी आई थी। बीते दिनों में कई बार इस्राइली सेना ने सीरिया में हवाई हमले किए हैं। इस्राइली सेना गाजा में हमास नेतृत्व का लगभग सफाया कर चुकी है और लेबनान में हिजबुल्ला नेतृत्व की



भी कुछ ऐसी ही स्थिति है। यही वजह है कि अब इस्राइली सेना ने सीरिया और ईरान के खिलाफ मोर्चा खोला है।

ईरान में इस्राइल के हवाई हमले के बाद नागरिक उड़ानों को अगले आदेश तक रद्द कर दिया गया है। इस्राइल ने कहा है कि ईरान द्वारा हाल के महीनों में इस्राइल पर किए गए हमलों के जवाब में ये हमले किए गए हैं। इस ऑपरेशन में इस्राइली वायुसेना और सेना के लड़ाकू विमानों, रिफ्यूलर विमानों और जासूसी विमानों ने हिस्सा लिया। सभी विमान सुरक्षित इस्राइल लौट चुके हैं। इस्राइल ने दावा किया है कि इस हवाई हमले में ईरान के वायुसैनिक अड्डों, बैलिस्टिक मिसाइल उत्पादन केंद्रों आदि को निशाना बनाया गया। हवाई हमलों के बाद इस्राइल ने ईरान और सीरिया को चेतावनी दी है कि अगर उन्होंने इस्राइल पर जवाबी कार्रवाई की तो इस्राइल फिर से हमला करेगा। इस्राइली सेना के प्रवक्ता ने एक बयान जारी कर कहा कि हमारा संदेश साफ है कि अगर कोई भी इस्राइल को डराने-धमकाने की कोशिश करेगा तो उसे इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। हमने आज इसका नमूना दिखा दिया है। हम इस्राइल और इसके लोगों की सुरक्षा के लिए रक्षात्मक और आक्रामक दोनों तरीकों से तैयार हैं। ईरान ने कहा है कि इस्राइली हवाई हमले में इलम, खुजेस्तान और तेहरान प्रांत में स्थित सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। हालांकि ईरान ने कहा कि इन हमलों में बेहद कम नुकसान हुआ है और किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है।

## भगवंत मान सरकार ने सात पुलिसकर्मियों को किया सस्पेंड



**चंडीगढ़।** पंजाब जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के इंटरव्यू मामले में बड़ा एक्शन लिया गया है। इस मामले में सात पुलिसकर्मियों पर गाज गिरी है। भगवंत मान सरकार ने दो डीएसपी गुरशेर संधू और सैमर वनीत को भी सस्पेंड कर दिया है। कुल सात पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। गुरशेर सिंह, डीएसपी, सैमर वनीत, डीएसपी, रीना, सब इंस्पेक्टर, जगतपाल जंगू, सब इंस्पेक्टर, शगनजीत सिंह, सब इंस्पेक्टर, मुख्तियार सिंह, एएसआई, ओम प्रकाश, एचसी (एलआर)।

## मकान में लगी भीषण आग, जिंदा जले चार लोग, गारमेंट कंपनी में करते थे टेलर का काम



**दिल्ली।** गुरुग्राम में दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एक मकान में शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग में चार लोग जिंदा जल गए। मृतक गारमेंट कंपनी में टेलर का काम करते थे। हरियाणा के गुरुग्राम से बड़ी खबर है। सरस्वती एनक्लेव के जी ब्लॉक में एक मकान में आग लग गई। आग लगने से चार लोग जिंदा जल गए। सभी मृतक गारमेंट कंपनी में टेलर का काम करते थे।जानकारी के अनुसार, गुरुग्राम के सरस्वती एनक्लेव के जी ब्लॉक में शुक्रवार के देर रात करीब 2 बजे आग लग गई। आग की चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गई। शुरुआती जानकारी में सामने आया है कि सभी लोग गारमेंट कंपनी में टेलर का काम करते थे। सभी मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं। मरने वालों में एक की शादी हुई थी। उसकी पत्नी और बच्चे दिवाली के त्योहार पर घर गए थे। मृतकों की पहचान नूर आलम, मुस्ताक, अमन और साहिल के रूप में हुई है। ये सभी बिहार के रहने वाले थे। यहां इस मकान में किराए से रहते थे। इन सभी की उम्र 20 से 30 वर्ष के बीच है।

# रायगढ़ घरघोड़ा वन परिक्षेत्र में 11 केवी बिजली तार टूटने से तीन हाथियों की मौत

**रायगढ़, 26 अक्टूबर [एजेंसी]।**

रायगढ़ जिले के दो वन मंडल में 140 हाथी का दल क्षेत्र में विचरण कर रहा है, सबसे अधिक धरमजयगढ़ क्षेत्र में है। यह हाथी अलग –अलग झुंड में है। इसमें 72 मादा, 34 बच्चे व नर है। संभवतः प्रदेश का सबसे बड़ा हाथी रायगढ़ जिले में है। छत्तीसगढ़ में तेज रफ्तार स्कार्पियो सड़क से उतरकर गड्ढे में गिरी, आठ लोग हुए घायल तीन गंभीरछत्तीसगढ़ में तेज रफ्तार स्कार्पियो सड़क से उतरकर गड्ढे में गिरी, आठ लोग हुए घायल तीन गंभीरअचानक टूट कर गिरा 11 केवी बिजली तार टूट जाने के कारण करंट की चपेट में आने से तीन हाथियों की मौत, हादसे की जानकारी मिलते ही वन अमला मौके पर मौजूदआगे कि कार्यवाही में जुटा। टूटा हुआ तार जंगल मे जमीन में गिरते ही जलने के निशान भी मौके पर मौजूद है। टूटा हुआ तार जंगल मे जमीन में गिरते ही जलने के निशान भी मौके पर मौजूद है। 1 शवक,1 मादा, 1 युवा, 1 बच्चा तमनार वन परिक्षेत्र के



सामारुमा कम्पाटमेंट 856 पीएफ, घरघोड़ा उप वन मंडल चुहकीमार जंगल की घटना, रायगढ़ धरमजयगढ़ दोनो वन मंडल के आलाधिकारियों की टीम मौके पर मौजूद है। रायगढ़ जिले के जंगलों में इन दिनों सैकड़ो की संख्या में जंगली हाथी अलग-अलग दलों में विचरण कर रहे हैं। झगरपुर जंगल से लारीपानी जंगल की तरफ हाथियों का एक बडा दल जाने का वीडियो सामने आया है। हाथियों के दल को देखते हुए अपनी फसल को बचाने गांव के ग्रामीण एकजुट होकर हो हल्ला करते हुए उन्हें भगाने के प्रयास में जुटे रहे। मिली जानकारी के मुताबिक रायगढ़ जिले में इन दिनों फिर से जंगली हाथियों की संख्या में इजाफा देखा जा रहा है। आये दिन हाथियों के वीडियो भी सोशल मीडिया के माध्यम से सामने आ रहे हैं। हाथियों का दल गांव के करीब पहुंचते ही ग्रामीणों में दहशत का माहौल निर्मित हो जाता है तो वहीं कुछ ग्रामीण अपनी बेशकीमती फसलों को हाथियों से बचाने एकजुट होकर उन्हें भगाने अलग-अलग के उपाये भी करते आ रहे हैं। ऐसा ही एक वीडियो सामने आया है जिसमें हाथियों के एक बड़े दल को गांव के ग्रामीण हो हल्ला करते हुए भगाते नजर आ रहे हैं।

## ट्रंप और कमला हैरिस में कांटे की टक्कर, नए सर्वे ने बताया- काफी दिलचस्प होगा इस बार का राष्ट्रपति चुनाव



**वाशिंगटन।** अमेरिका में इस बार का राष्ट्रपति चुनाव काफी दिलचस्प होने वाला है। ये हम नहीं, न्यूयॉर्क टाइम्स और सिएना कॉलेज का एक सर्वे बता रहा है। राष्ट्रपति चुनाव में दो सप्ताह से भी कम समय बचा है, लेकिन अंतिम राष्ट्रीय सर्वेक्षण के अनुसार उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोनों की लोकप्रियता चरम पर है। लोकप्रिय वोट में दोनों 48 प्रतिशत की बराबरी पर हैं और इसी कारण यह मुकाबला बेहद कड़ा होने वाला है। न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, सर्वेक्षण के नतीजे हैरिस के लिए उत्साहजनक नहीं हैं, क्योंकि यह सर्वे दो सप्ताह से भी कम समय पहले आया है और पूरे अमेरिका में लाखों लोग पहले ही वोट डाल चुके हैं।हाल ही के सर्वे में डेमोक्रेट्स को लोकप्रिय वोट में बढ़त मिली है, जबकि वे इलेक्टोरल कॉलेज हार गए हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, हैरिस से एक मजबूत बढ़त बनाने की उम्मीद है, जो इस बात का संकेत है कि वह पेंसिल्वेनिया, मिशिगन और विस्कॉन्सिन जैसे महत्वपूर्ण स्विंग राज्यों में अच्छा प्रदर्शन करेंगी।पिछले कुछ महीनों में डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टियों के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों ने हाई-प्रोफाइल बहसों में भाग लिया है। वहीं, ट्रंप पर दो हत्या के प्रयास किए गए हैं और दोनों नेताओं ने सात युद्धक्षेत्र राज्यों में दर्जनों रैलियां की हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अक्टूबर की शुरुआत में आयोजित टाइम्स/सिएना कॉलेज पोल के बाद से संभावित मतदाताओं के बीच कमला हैरिस की लोकप्रियता में गिरावट आई है।उस समय, कमला हैरिस के पास डोनाल्ड ट्रंप पर 49 प्रतिशत से 46 प्रतिशत की मामूली बढ़त थी। नेवाडा, उत्तरी कैरोलिना, पेंसिल्वेनिया, विस्कॉन्सिन, एरिजोना, जॉर्जिया, मिशिगन- इन राज्यों में अधिकांश सर्वेक्षण संकेत देते हैं कि मुकाबला काफी दिलचस्प होने वाला है।बता दें कि अमेरिका में चुनाव 5 नवंबर को होने हैं, जिसमें पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दूसरे कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ रहे हैं और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति बनकर इतिहास रचने का लक्ष्य बना रही हैं। अमेरिका के हालिया राजनीतिक इतिहास में सबसे उथल-पुथल भरे तीन महीनों के बाद भी हैरिस और ट्रंप बराबरी पर हैं।




# आईआईटी भिलाई के दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

**रायपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आई आईटी भिलाई के दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। मंदिर सेवा समिति के सदस्यों से मिलकर जाना हाल-चाल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु छत्तीसगढ़ प्रवास के दूसरे दिन आज राजधानी रायपुर के गायत्री नगर स्थित महाप्रभु भगवान श्री जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर देशवासियों के सुख-समृद्धि और निरंतर प्रगति के लिए आशीर्वाद मांगा। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु इस दौरान जगन्नाथ सेवा समिति के सदस्यों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना। उन्होंने इस मौके पर मंदिर पहुंचे प्रदेश के जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठजनों से भेंट की। गौरतलब है कि ओड़िसा के जगन्नाथ पुरी स्थित महाप्रभु भगवान श्री जगन्नाथ के पांव



छत्तीसगढ़ के सोंढूर, पैरी और महानदी के त्रिवेणी संगम के तट पर स्थित प्रयाग नगरी राजिम में पड़े थे, जिसे वर्तमान में भगवान कुलेश्वर मंदिर के रूप में आज लाखों श्रद्धालु पूजा-अर्चना करते हैं। इसी की याद में गायत्री नगर में भी महाप्रभु भगवान जगन्नाथ मंदिर का निर्माण कराया गया है।

### आईआईटी भिलाई के 7 छात्रों को मिला गोल्ड मेडल

आई.आई.टी. भिलाई के तृतीय एवं चतुर्थ दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी उपस्थित रहे। राष्ट्रपति के मुख्य आतिथ्य में दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। राष्ट्रपति के हाथों सात छात्र गोल्ड मेडल से सम्मानित हुए। समारोह में 2023 और 2024 में स्नातक करने वाले 396 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। 2023 बैच के स्नातक छात्रों में 13 पीएचडी,11 एमएससी, 27 एमटेक, 13 बीटेक (ऑनर्स) और 123 बीटेक स्नातक शामिल है। 2024 के स्नातक बैच में 8 पीएचडी, 20 एमएससी, 19 एमटेक, 12 बीटेक (ऑनर्स) और 150 बीटेक छात्र शामिल है।




स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा



# जनता के हित में काम करना हमारा कर्तव्य : कलेक्टर

## कोथारी में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का किया गया आयोजन





## शिविर में प्राप्त 268 में से 82 आवेदन का मौके पर किया निराकरण

**कोरबा ।** शासन की योजनाओं का आमजनों को लाभ पहुंचाने के लिए तथा योजनाओं की जानकारी देते हुए शिकायतों का निराकरण आज करतला विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोथारी में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में कलेक्टर श्री अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी सहित सभी अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी प्रदान की। इस दौरान ग्रामीणों से आवेदन भी प्राप्त किए गए। शिविर में प्राप्त मांग संबंधी आवेदनों का परीक्षण कर समस्या का निराकरण के निर्देश दिए गए। कुल 268 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 82 आवेदन का शिविर स्थल पर निराकरण कर दिया गया। कलेक्टर ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि कुछ दिनों पहले ही पीएम आवास के हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि जारी हुई है, आप सभी उस राशि का सदुपयोग करें एवं शीघ्रता से अपना आवास पूर्ण कराए। आवास निर्माण या किसी भी शासकीय कार्य के लिए किसी शासकीय अशासकीय व्यक्ति द्वारा पैसे की मांग करने पर उसकी शिकायत पुलिस या जिला प्रशासन को करें, उस पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने सभी शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारियों को जनता का सेवक बताते हुए कहा कि जनहित का कार्य करना सभी अधिकारी-कर्मचारियों का कर्तव्य है। कलेक्टर ने वन-टू-वन चर्चा कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री वसंत ने शिविर में प्राप्त आवेदन के संबंध में कहा कि जो भी मांग आई है उसका परीक्षण कराकर निराकरण किया जाएगा। शिकायत संबंधी आवेदन की जांच कराकर समय सीमा में निराकृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में डीएमएफ अंतर्गत पूर्ण हो चुके कार्यों के भुगतान के संबंध में जनपद सीईओ को डिमाण्ड के लिए निर्देशित किया गया है। पूर्ण कार्यों का शीघ्र ही भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने अन्य कार्यों के संबंध में शासन से आबंटन आने पर भुगतान की कार्यवाही की बात कही। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर कोरबा जिले के सभी जर्जर आंगनबाड़ी एवं स्कूल भवन के बदले भवन स्वीकृत किए गए हैं। 04 नवंबर से करतला विकासखण्ड सहित अन्य क्षेत्रों में भी विद्यार्थियों को सुबह का नाश्ता प्रदान किया जाएगा और डीएमएफ से स्कूल तथा आंगनबाड़ी में भोजन पकाने के लिए गैस की व्यवस्था की जा रही है। गैस उपलब्ध होने पर आंगनबाड़ी तथा स्कूलों में भोजन पकाने के दौरान लकड़ी का उपयोग नहीं होगा और रसोईयों को धुंए से मुक्ति मिलेगी।पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी ने शिविर में आए आमजनो से ऑनलाइन ठगी, इनाम, लॉटरी जीतने के नाम पर होने वाले साइबर क्राइम से भी सावधान रहने एवं किसी भी अंजान व्यक्ति को ओटीपी, पासवर्ड, पिन नंबर नहीं देने के लिए कहा। श्री तिवारी ने कहा कि कोरबा पुलिस आपकी सहायता के लिए है। आम नागरिक अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बेझिझक नजदीकी थानों एवं एसपी कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

उन्होंने लोगों यातायात नियमों का पालन करने दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनने का आग्रह किया।शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता कंवर एवं गांव की सरपंच ने भी संबोधित किया और कहा कि यह खुशी की बात है कि कोथारी में शिविर लगाकर समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। शिविर में एसडीएम श्री सरोज महिलांगे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**नन्हे शिशुओं को कराया गया अन्नप्राशन एवं बच्चों को दी गई सुपोषण टोकरी -**

महिला एवं बाल विकास द्वारा शिविर में विभागीय योजनाओं के तहत 05 नन्हें शिशुओं का अन्नप्राशन कराया गया। जिसके अंतर्गत स्वाति, आर्यन, रोनित, जियांशी, खुशीका शामिल है। इसी प्रकार 04 बच्चे अलीशा, ध्रुवेश, आशीष, नित्या को सुपोषण टोकरी भी अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया।

**शासकीय योजनाओं पर आधारित जनमन पत्रिका का किया गया वितरण -**

शिविर में जनसंपर्क विभाग द्वारा ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी प्रदान कर शासकीय योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया साथ ही शासकीय योजनाओं के संबंधित जनमन पत्रिका का वितरण भी किया गया।

## सखी वन स्टॉप सेंटर में उपलब्ध सेवाओं की महिलाओं को दी गई जानकारी



**कोरबा ।** जिले में शासन के निर्देशन तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत एनआरएलएम बिहान कार्यक्रम महिला स्व सहायता समूह उरगा, कटघोरा तथा अजगरबहार में सखी वन स्टॉप सेंटर के केन्द्र प्रशासक व केस वर्कर द्वारा उपस्थित महिलाओं को सखी वन स्टॉप सेंटर तथा महिला हेल्पलाइन नं. 181 में उपलब्ध सेवाओं के संबंध में जानकारी दी गई तथा योजना से संबंधित पाम्पलेट वितरण किया गया।

कोसगाई मंदिर (छुरी), भवानी माता मंदिर (दर्री) एवं मड़वारानी (बरपाली) मंदिर परिसर व आस-पास जगहों पर सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा बालिकाओं को अधिक अवसर प्रदान करने के महत्व पर प्रकाश डालने एवं बालिकाओं द्वारा शिक्षा, पोषण, कानूनी अधिकार, चिकित्सा, देखभाल, भेदभाव, हिंसा और बाल विवाह से सुरक्षा में आने वाली असमानताओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही 'सखी वन स्टॉप' सेंटर द्वारा पीड़ित महिलाओं को दी जाने वाली नि:शुल्क सहायता-परामर्श सहायता, चिकित्सा सहायता, विधिक सहायता, पुलिस सहायता व अस्थायी आश्रय सहायता के साथ महिला हेल्पलाइन नंबर 181, नोनी सुरक्षा योजना, टोनही प्रताड़ना अधिनियम 2005, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 एवं बाल विवाह रोकथाम हेतु उपस्थित महिलाओं को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

## फड़ मुंशी संघ ने अपनी मांगो को लेकर किया धरना प्रदर्शन कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

कोरबा । कोरबा और कटघोरा वनमंडल में भी फड़ मुंशी संघ ने अपने जिला संघ के समक्ष नारेबाजी के साथ धरना दिया। कोरबा वनमंडल के 282 फड़ मुंशियों ने बड़ी संख्या में पहुंचे थे। लिया।जिला यूनियन संघ कार्यालय से कलेक्टर कार्यालय तक रैली निकाली और मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। फड़ मुंशी संघ के अध्यक्ष रामजीवन कंवर ने तहसीलदार को फड़ मुंशियों की मांगों के बारे में विस्तार से बताया। अध्यक्ष कंवर ने कहा कि 2023 के चुनाव घोषणा पत्र में भाजपा ने वादा किया था कि उनकी सरकार बनने पर फड़ मुंशियों को कमीशन छोड़कर 25 हजार रुपए दिए जाएंगे, लेकिन 9 महीने बीत जाने के बाद भी सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

उन्होंने बताया कि फड़ मुंशी साल भर काम करते हैं, लेकिन उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इसी तरह फड़ मुंशी संघ कोरबा ने सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और इस विरोध प्रदर्शन में 38 समितियों के सभी फड़ मुंशियों ने भाग लिया। इस दौरान मुख्य रूप से फड़ मुंशी जिला अध्यक्ष रामजीवन कंवर, संरक्षक संतोष कुमार राठिया, ईश्वर सिंह राठिया, सह कोषाध्यक्ष शेर सिंह राठिया, रामकुमार राठिया, जिला संगठन महासचिव रमेश कुमार उराँव, सुरेश गिरी गोस्वामी, मीडिया प्रभारी गलोचन राठिया, जेठ सिंह कंवर, जनपद सदस्य अनूप सिंह राठिया, भरत यादव, इलियास अली, मन बोध, बाबूलाल, समस्त वन परिक्षेत्र अधिकारी एवं फड़ मुंशी उपस्थित थे।

## डोंगरगढ़-कबीरधाम-मुंगेली-कटघोरा रेलमार्ग के लिए 300 करोड़ स्वीकृत



**कोरबा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ खनिज विकास निधि सलाहकार समिति की 20वीं बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न खनिज परियोजनाओं एवं अधोसंरचना हेतु राशि स्वीकृत की गई। मुख्यमंत्री साय ने बैठक में अधिकारियों से खनिज विकास निधि सलाहकार समिति के पूर्व निर्णय सहित राशि के उपयोग के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने निधि में उपलब्ध राशि को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश में वृहद अधोसंरचना निर्माण की परिकल्पना पर विचार किए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में चर्चा उपरांत छत्तीसगढ़ रेलवे कॉरपोरेशन को डोंगरगढ़-कबीरधाम-मुंगेली-कटघोरा रेलमार्ग हेतु भू-अर्जन एवं प्रारंभिक निर्माण कार्य के लिए 300 करोड़ रुपए की राशि दिए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। संचालनालय भौमिकी एवं खनिकर्म के खनिज अन्वेषण, खनिज ब्लॉक नीलामी, खानों के आईटी आधारित नियमन हेतु 83 करोड़ रुपए राशि की स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक में राज्य में खनिज राजस्व में और वृद्धि की संभावनाओं के अध्ययन कार्यवाही तथा खनन क्षेत्र में सुधार हेतु विशेषज्ञ संस्थाओं की सेवाएं लेने हेतु 20 करोड़ रुपए के अतिरिक्त राशि दिए जाने का निर्णय लिया गया।खनिज विभाग द्वारा प्रतिवर्ष प्राप्त होने वाले कुल खनिज राजस्व की 5त्न राशि खनिज विकास निधि मद अंतर्गत आरक्षित रहती है। उक्त निधि से सलाहकार समिति के अनुशंसा अनुसार संचालनालय भौमिकी एवं खनिकर्म, सीएमडीसी, रेल एवं सड़क परिवहन तथा खनन क्षेत्र में आवश्यक अधोसंरचना निर्माण के लिए राशि प्रदान की जाती।

## जिले के शहीद जवानों के योगदान को याद कर चित्र प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

**कोरबा ।** पुलिस मुख्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार पुलिस स्मृति दिवस (21 अक्टूबर) से राष्ट्रीय एकता दिवस (31 अक्टूबर) तक पुलिस झंडा दिवस के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर जिले के शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही हैं। जिसके तहत पुलिस लाइन कोरबा में जिले के 12 शहीद जवानों के योगदान को याद कर चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें रक्षित निरीक्षक अनथराम पैकरा के द्वारा पुलिस लाइन कोरबा में शहीद जवानों के फोटो को सामुदायिक भवन में लगाया गया हैं। पुलिस लाइन के सामुदायिक भवन में शहीद जवानों के फोटो के साथ उनकी वीरगाथा और बलिदान को उनके फोटो के नीचे लिखा गया है।

## डीएमएफ शाखा में सहायक ग्रेड-03 में संविदा भर्ती हेतु अभ्यर्थियों की अनंतिम सूची जारी

**कोरबा ।** कार्यालय कलेक्टर कोरबा के जिला खनिज संस्थान न्यास शाखा अंतर्गत सहायक ग्रेड-3 के संविदा पद में भर्ती हेतु अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसमें अनुसूचित जनजाति के 01 पद एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के 01 पद शामिल हैं। जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा अभ्यर्थियों के कौशल परीक्षा उपरांत प्राप्त अंको के आधार पर अनंतिम चयन सूची जारी की गई है। अभ्यर्थी जिसका अवलोकन जिले की वेबसाइट पर कर सकते हैं। अभ्यर्थियों से चयन सूची के संबंध में दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया है। अभ्यर्थी 04 नवंबर 2024 तक कार्यालयीन समय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित में (बंद लिफाफा) पदवार सूची में दर्शित क्रमांक अंकित करते हुए कार्यालय कलेक्टर कोरबा के जिला खनिज संस्थान न्यास कक्ष में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् अथवा डाक या अन्य किसी माध्यम से प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

## 08 नवंबर तक दावा आपत्ति आमंत्रित

**कोरबा ।** वृद्धाश्रम संचालन करने हेतु विभिन्न पदों पर कलेक्टर दर पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी करते हुए आवेदन मंगाये गये थे। उक्त प्राप्त आवेदनों के परीक्षण उपरांत पात्र/अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी की जा रही है जिसे कोरबा जिले पर देखा जा सकता है। उक्त सूची के संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति होने पर संबंधित अभ्यर्थी स्वयं उपस्थित होकर मूल दस्तावेज एवं दस्तावेज की स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ दावा आपत्ति 08 नवंबर 2024 तक कार्यालय उपसंचालक समाज कल्याण में कार्यालयीन दिवसों में सायं 05 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय उपरांत दावा आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी एवं समस्त जवाबदारी अभ्यर्थी की होगी।

## अक्टूबर का वेतन दिवाली से पहले देने की मांग की

**कोरबा।** राज्य बिजली कंपनी के उत्पादन, ट्रांसमिशन व वितरण के नियमित, संविदा व ठेका कर्मचारियों को अक्टूबर माह का वेतन दिवाली से पहले भुगतान करने कार्यपालक निदेशक, महाप्रबंधक वित्त को पत्र लिखा गया है। शुक्रवार को लिखे पत्र में बिजली ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता ने बताया है कि राज्य शासन ने दिवाली पर्व को ध्यान में रखते हुए 28 अक्टूबर तक चालू महीने का वेतन भुगतान करने कहा है। इसमें नियमित कर्मचारियों के अलावा संविदा व आउटसोर्सिंग कंपनियों के ठेका कर्मियों को भी अक्टूबर के वेतन भुगतान की बात कही है। बिजली ठेका कर्मियों ने बताया कि नियमित कर्मचारियों के बोनस की घोषणा के साथ ही सब स्टेशनों में आउटसोर्सिंग कंपनी के अधीन काम कर रहे लगभग 300 ऑपरेटरों को बोनस का भुगतान कर दिया गया है।

## ठेकेदारों की मांग दीपावली पूर्व भुगतान सुनिश्चित करें निगम

**कोरबा।** नगर निगम कांट्रेक्टर एसोसिएशन ने दीपावली से पूर्व सभी ठेकेदारों का भुगतान सुनिश्चित करने की मांग को लेकर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन का कहना है कि उनकी फाइलों पर कार्यवाही की गति धीमी है, जिससे ठेकेदारों का भुगतान दीपावली से पहले नहीं होने की आशंका है। इस विलंब से उनकी आर्थिक स्थिति पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है, क्योंकि दीपावली एक ऐसा पर्व है जिसमें उन्हें दुकानदारों, मजदूरों और अधीनस्थ कर्मचारियों को समय पर भुगतान करना अनिवार्य है।एसोसिएशन ने जानकारी दी कि राज्य सरकार ने आदेश जारी किया है कि सभी सरकारी कर्मचारियों को दीपावली से दो दिन पूर्व वेतन का भुगतान किया जाए, लेकिन ठेकेदारों के लिए ऐसी व्यवस्था नहीं की गई है। उन्होंने सवाल किया कि क्या उनके श्रमिक और परिवार इस व्यवस्था का हिस्सा नहीं हैं, और क्या ठेकेदारों को भुगतान की आवश्यकता नहीं हैठेकेदारों का कहना है कि आर्थिक चुनौतियों और जिम्मेदारियों को देखते हुए उनका भुगतान दीपावली से पूर्व किया जाना अत्यावश्यक है ताकि वे और उनके परिवार त्यौहार का आनंद ले सकें। उन्होंने इस मुद्दे पर निगम अधिकारियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यह भुगतान उनके और उनके अधीनस्थों के लिए आर्थिक राहत का काम करेगा।

## सरकार की अदूरदर्शी तबादला नीति से त्यौहार में बढ़ा आर्थिक संकट: सुरेन्द्र प्रताप

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नगरीय निकायों/त्रिस्तरीय पंचायतों का चुनाव से पहले लगातार तबादले किए जा रहे हैं। इन तबादलों से कोरबा आदिवासी बाहुल्य और औद्योगिक जिला भी प्रभावित हुआ है। सरकार द्वारा अधिकारियों के तबादलों को लेकर लिए जा रहे और अदूरदर्शिता पूर्ण निर्णय के कारण ठेकेदारों और उनके अधीन काम करने वाले ठेका व दिहाड़ी मजदूरों को आर्थिक संकट के दौर से गुजरना पड़ रहा है।

पूर्व में शासन ने कोरबा जिला पंचायत के सीईओ का तबादला कर दिया किंतु इसके बाद आज पर्यंत किसी की पदस्थापना नहीं की जा सकी है। अभी शासन ने नगर निगम आयुक्त का भी तबादला आदेश जारी कर दिया है। निगम आयुक्त के द्वारा जिला सीईओ का भी कार्यभार संभाल जा रहा था, जिसके बाद निगम आयुक्त का भी तबादला कर देने से दो महत्वपूर्ण पद अधिकारी विहीन हो गए हैं। इसके कारण दोनों ही महत्वपूर्ण विभागों की फाइलें ठप्प पड़ चुकी हैं।

श्री जायसवाल ने कहा कि जिला पंचायत के अधीन आने वाले समस्त ग्राम पंचायतों के भुगतान जहां ठप्प पड़ गए हैं वहीं नगर पालिक निगम की फाईलों पर भी हस्ताक्षर नहीं हो रहे हैं। ऐसे में काम करने वाले ठेकेदारों से लेकर उनके अधीन काम करने वाले मजदूर तबके के गरीब लोगों पर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है।

### धान खरीदी विलम्ब से होने के कारण किसान बिचौलियों को धान बेचने मजबूर,दिवाली-एकादशी रहेगी फीकी



अभी सबसे बड़ा त्योहार दीपावली है और जब फ़ाइलों में हस्ताक्षर नहीं होने से राशि जारी नहीं होगी तो उनके त्यौहार फीके रहेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप जायसवाल ने शासन के इस तरह के तबादला नीति की निंदा करते हुए कहा है कि पद रिक्त करने के साथ-साथ उस पद पर पूर्ति भी करना आवश्यक है किंतु यह सरकार आम लोगों की तकलीफों से, मजदूर वर्ग की परेशानियों से कोई वास्ता नहीं रखती इसलिए तबादला के मनमाने निर्णय लेकर रिक्त पदों को लंबे समय से भरने में रुचि नहीं ले रही है।सुरेंद्र प्रताप जायसवाल ने धान खरीदी के मामले में एक नवंबर की तारीख को बढ़ाकर 15 नवंबर करने पर भी सरकार को घेरते हुए कहा है कि गलत नीतियों की वजह से किसान अपना धान बिचौलियों और व्यापारियों के पास बचने के लिए मजबूर है। किसान को धान खरीदी से काफी उम्मीद रहती है लेकिन सरकार ने इसके समय में वृद्धि कर दी है। दीपावली का त्यौहार के बाद आने वाली देवउठनी एकादशी का ग्रामीण अंचलों में खासा महत्व होता है। किसान इसे परंपरागत तरीके से मनाते हैं और यह उनके लिए बड़ा त्यौहार के समान है किंतु ऐसे वक्त में भी किसानों के पास उनकी फसल की उपज की कीमत हाथों में नहीं होगी। भाजपा सरकार में मजदूर से लेकर किसान गरीब और मध्यम वर्गीय तबका काफी हलाकान है किंतु सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है। सुरेंद्र प्रताप जायसवाल ने कहा है कि सरकार तत्काल प्रभाव से जिला सीईओ और निगम आयुक्त के लिए अधिकारी की पदस्थापना करे अन्यथा गलत की नीतियों का भविष्य में विरोध किया जाएगा।

## जरूरतमंद लोगों को पटाखे और मिठाइयां बांटी गई

**गेवरा-दीपका।** गेवरा-दीपका दिवाली पर्व को ध्यान में रखते हुए टीम चरक धर्म संवाहक और धर्म सेना ने जरूरतमंदों को पटाखे व मिठाइयां बांटी। इससे जरूरतमद लोगों के चेहरे खिल उठे। साथ ही करतली गांव की 101 महिलाओं को साड़ियों का वितरण किया गया। संगठन के इस सेवा कार्य का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों की दिवाली सामग्री के अभाव में फीकी नहीं पड़े, यह उद्देश्य रहा। इस पहल की करतली के ग्रामीणों ने भी सराहना की। इसके अलावा उन्होंने लोगों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। आयोजन को सफल बनाने में टीम चरक धर्म संवाहक के सदस्य मोहित वाधवानी, नगर अध्यक्ष धर्मसेना प्रशांत साहू, धर्मसेना के संभागाध्यक्ष वैष्णो पटेल समेत अन्य पदाधिकारी और सदस्यों ने सहयोग किया।

## 1 नवंबर से, श्रमवीरों के लिए तीन नई योजना पर मुहर

**कोरबा।** प्रदेश के 28 लाख निर्माण श्रमिकों के लिए विष्णुदेव सरकार तीन नई योजनाओं की शुरुआत करने जा रही है। तीन नई योजनाओं का अनुमोदन आज शुक्रवार को श्रम मंत्री सह अध्यक्ष छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल श्री लखन लाल देवांगन की अध्यक्षता में हुई नवा रायपुर के मण्डल कार्यालय में आयोजित संचालक मंडल की तृतीय बैठक में लिया गया।प्रदेश में निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना की प्रक्रिया की शुरुआत 1 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर होगी। इसी तरह निर्माण मजदूर परिवार सशक्तिकरण योजना, पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके बच्चों को उच्च शिक्षा आईआईटी, जेईई, नीट, सीए की परीक्षा के लिए नि:शुल्क कोचिंग योजना की शुरुआत होगी। साथ ही प्रदेश के 26.68 लाख निर्माणी श्रमिकों और उनके बच्चों को कौशल उन्नयन हेतु निर्माण मजदूर परिवार सशक्तिकरण योजना भी प्रारंभ की जाएगी। बैठक में श्रम विभाग की सचिव अलरमेल मंगई डी, वित्त विभाग की विशेष सचिव शीतल वर्मा, बीओसी की सचिव सविता मिश्रा, मुख्य निरीक्षक सह श्रमायुक्त एसएस पैकरा सहित अन्य उपस्थित रहे।संचालक मंडल की बैठक में श्रम मंत्री सह अध्यक्ष लखन लाल देवांगन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की श्रमिक सम्मेलन में घोषणा अनुरूप शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना अंतर्गत सभी जिलों में योजना शुरू करने के निर्देश दिए गए। वर्तमान में 09 जिलों में कुल 33 भोजन केंद्र संचालित हैं। बोर्ड की बैठक में निर्माणी श्रमिकों और उनके परिवार जनों के नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराएं जाने पर भी मुहर लगी। स्वास्थ्य विभाग, ईएसआईसी से भी परीक्षण कराएं जाने का निर्णय लिया गया।

## किसान संघ ने रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन



**बम्हनीडीह।** भारतीय किसान संघ ने तहसील स्तरीय बम्हनीडीह के किसान संघ ने तहसीलदार को मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। साथ ही संघ द्वारा रैली निकाली गई। रैली बम्हनीडीह के मध्य स्थित बजरंग चौक से चल कर नगर भ्रमण करते हुए तहसील कार्यालय पहुंची। किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों के संबंध में चर्चा कर ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष देवप्रसाद तिवारी, तहसील अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार जायसवाल, खण्ड प्रमुख मनहरणलाल चंद्रा, मंत्री दुकालू पटेल, सहकारिता प्रमुख मोहन डडसेना, रमेश डडसेना, रघुनंदन पटेल, मीना जायसवाल, आशा साव, ऊषा राठौर, शिव जायसवाल, सोनचरण डडसेना उपस्थित थे।

# 1.30 हजार सदस्य बनाकर जांजगीर जिला दूसरे स्थान पर

**जांजगीर।** भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान 6 सितम्बर से जारी है। इसका समापन 30 अक्टूबर को होगा। इस अवधि में जांजगीर-चांपा जिला बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में दूसरे स्थान पर काबिज हो चुका हैं। इस संबंध में सदस्यता अभियान के जिला संयोजक अमर सुल्तानिया ने बताया कि समापन तिथि से पहले ही जिला प्रदेश में दूसरे स्थान पर आ चुका है। जिले में अब तक 1.30 लाख सदस्यता बन चुके हैं।

सुल्तानिया ने बताया कि अब तक प्रदेश में 47 लाख से ज्यादा सदस्य बन चुके हैं। देश में साढ़े 9 करोड़ से ज्यादा सदस्यों का आंकड़ा पार हो चुका है। जिला सहसंयोजक अरुण झाझड़िया, नंद चौधरी, धनंजय सिंह ठाकुर,




शांति देवी भारते सहित भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की मेहनत से पार्टी ने जांजगीर-चांपा जिले को दिए गए 1.62 लाख के लक्ष्य के एवज में अब तक 1.30 लाख सदस्यता पूर्ण कर लिया है।

शत प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में प्रयासरत हैं। सुल्तानिया ने बताया कि सदस्यता अभियान ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से चलाया जा रहा है। जिन क्षेत्रों मे ऑनलाइन की सुविधा नहीं है या जिनके पास स्मार्ट फोन नहीं है, ऐसे नागरिकों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ऑफलाइन मोड पर दिलाई जा रही है। जिले में भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा हैं। लोग बढ़-चढ़ कर सदस्यता अभियान में भागीदारी निभाते हुए भाजपा के मूल्यों, नीतियों और रीतियों को अपना रहे हैं।

## शराब बनाकर बेचने वाले पांच लोग पकड़ाए

**बाराद्वार।** अवैध शराब की बिक्री रोकने के लिए पुलिस टीम बनाकर विभिन्न स्थानों पर छापे मार रही है। शुक्रवार को टीम ने अलग-अलग छापे मार कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई। पुलिस की टीम को सूचना मिली थी कि सकरेली, मुक्ताराजा में लंबे से अवैध शराब बनाई जा रही है। सूचना पर शुक्रवार को टीम ने छापा मारा और कोचिया सकरेली निवासी सोन बाई कुर्रे, माखन लाल बंजारे, रामसिंह जांगड़े, अजय कुमार जोशी, और मानकुवर को गिरफ्तार किया। उनके पास से शराब की जब्ती बनाने के साथ लगभग 200 बोरी लहान (पास) नष्ट किया गया। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर न्यायिक रिमांड में लेकर जेल भेज दिया गया है।

## दिनेश राठौर बने शाला विकास समिति के अध्यक्ष



**जांजगीर।** जिले के सभी शासकीय स्कूलों में शाला विकास समिति अध्यक्ष का गठन किया गया। जिसमें नगर के स्कूल शासकीय आदर्श विद्यालय जांजगीर के शाला विकास समिति अध्यक्ष के रूप में दिनेश राठौर को नियुक्त किया। उन्होंने कहा पार्टी ने जो दायित्व दिया है, उनका वे निष्ठा के साथ निर्वाह करेंगे।

# ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन, दावा आपत्ति के लिए समय तय

**अकलतरा।** पंचायत चुनाव हेतु विकासखंड की 56 ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन करने के साथ गांव के लोग जनपद पंचायत कार्यालय में 29 अक्टूबर तक मतदाता सूची का अवलोकन करने के साथ-साथ दावा आपत्ति दर्ज कर सकते हैं, जनपद पंचायत कार्यालय में समाज शिक्षा संगठन के रूप पदस्थ हुलेश्वर द्विवेदी एवं निर्वाचन शाखा प्रभारी प्रभारी पीपी पटेल ने बताया कि पंचायत चुनाव हेतु विकासखंड की 56 ग्राम पंचायत के मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया है।



मतदाता सूची का अवलोकन जनपद पंचायत कार्यालय एवं पंचायत कार्यालय में जाकर किया जा सकता है, मतदाता सूची में किसी प्रकार की दावा आपत्ति होने, नाम जुड़वाने नाम विलोपित करने एवं अन्य किसी प्रकार की समस्या आने पर 29 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे तक जनपद पंचायत कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

निर्धारित तिथि के बाद दावा आपत्ति पर कोई भी विचार नहीं किया जाएगा, जनपद पंचायत सीईओ हिमांशु गुप्ता ने बताया कि पंचायत चुनाव हेतु ग्राम पंचायत की मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन करने के साथ जनपद पंचायत कार्यालय के सभा कक्ष में ग्राम पंचायत के सचिवों, पटवारी एवं आर आई की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में ग्राम पंचायत सचिवों को पंचायत चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होने पर ग्राम पंचायत के मुख्यालय में प्रतिदिन उपस्थित होने के साथ-साथ सचिवों के अवकाश पर रोक लगाने के साथ सचिवों को अधिकारियों के निर्देश पर ही अति आवश्यक होने पर अवकाश प्रदान किया जाएगा, जनपद पंचायत कार्यालय में मतदाता सूची के अवलोकन के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के साथ किसी प्रकार की समस्या आने पर गांव के लोग सीईओ कक्ष में आकर संपर्क कर सकते हैं।



## विधायक ने किशन को बनाया अपना प्रतिनिधि

**चांपा।** विधायक ब्यास कश्यप ने चांपा कृषि उपज मंडी का प्रतिनिधि किशन सोनी को नियुक्त किया है। ज्ञात हो की किशन सोनी पूर्व में कांग्रेस के नगर अध्यक्ष और नपा उपाध्यक्ष रह चुके हैं। उनकी नियुक्ति पर पूर्व नपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, जिला कांग्रेस प्रवक्ता नागेंद्र गुप्ता, बंटी धंजल, शहर अध्यक्ष अवधेश गुप्ता, शहर कार्यकारी अध्यक्ष सुनील साधवानी, विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष पंकज शुक्ला, पार्षद भूपेंद्र यादव, पार्षद डुग्गु प्रधान, रंजन कैवर्त, गोविंद देवांगन, दीपक गुप्ता, राज अग्रवाल, आशीष कसेर, सुनील सोनी, नरेंद्र शर्मा सहित अन्य कांग्रेसियों ने खुशी जताई है।

# गुरु पुष्य नक्षत्र पर खरीदारी करने ज्वेलरी शॉप में उमड़ रही भीड़

**बाराद्वार।** गुरु पुष्य नक्षत्र के अवसर पर शुक्रवार को नगर की दुकानों में खरीदारों की भीड़ देखने को मिली। इस बार दिवाली के पहले पड़े गुरु पुष्य नक्षत्र का दुर्लभ संयोग पर गुरुवार और शुक्रवार को खरीदारी करने के लिए बाराद्वार बाजार में नगर के लोगों के साथ आसपास के ग्रामीण जुटे।

नगर की तंग गलियों में दिनभर जाम की स्थिति देखने को मिली। लोगों ने पुष्य नक्षत्र के दिन शुभ मुहूर्त में खरीदारी को शुभ माना। ज्वेलरी, बर्तन, कपड़ा, कास्मेटिक, बाइक, कम्युटर और इलेक्ट्रॉनिक दुकानों में ग्राहकों की दिन भर भीड़ लगी रही। सभी दुकानदारों ने सभी प्रकार के सामानों की विस्तृत रेंज मंगाकर पुष्य नक्षत्र और दिवाली के लिए अच्छी खासी तैयारी कर रखी है। उन्हें उम्मीद हैं कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उनका व्यापार गुलजार रहेगा और खरीदारी के लिए ग्राहकों की भीड़ रहेगी। नगर के सराफा व्यापारियों ने इसकी विशेष तैयारी कर रखी है। सभी ने अपनी दुकानों की आकर्षक सजावट की है।



इस बार 5 नहीं 6 दिन का होगा दीपोत्सव, 31 को होगी दीपावली दीपों का पंच दिवसीय महापर्व इस बाद छह दिनों को होगा। इस बार 29 अक्टूबर को धनतेरस से महापर्व की शुरुआत होगी, जो 3 नवंबर को भाईदूज के साथ खत्म होगा। त्योहारों की यह श्रृंखला कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष त्रयोदशी यानी धनतेरस से शुरू होकर भ्रातृ द्वितीया तक अभी तक चलती है, लेकिन इस बार यहा महापर्व 29 से तीन नवंबर तक मनाया जाएगा। प्रयागराज के प्रसिद्ध ज्योतिर्विद पं. दिवाकर त्रिपाठी पूर्वांचली बताते हैं कि धनतेरस पर शुभ मुहूर्त में खरीदारी करने से लोगों को अधिक शुभ लाभ होगा।

# ठाकुरमुड़ा के लोगों को नहीं मिली सुविधा, चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

**सक्ती।** सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने के कारण ठाकुरमुड़ा के निवासियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर चुनाव बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। सड़क निर्माण कार्य नहीं होने से क्षुब्ध वार्डवासियों को यह निर्णय लेना पड़ा है। इसका असर आगामी नगरीय निकाय चुनाव में देखने को मिल सकता है।

नगर के वार्ड क्रमांक तीन के आश्रित मोहल्ला ठाकुरमुडा में 15-20 घर के लोग निवासरत है। उक्त मोहल्ला में 100 प्रतिशत उरांव आदिवासी समुदाय के लोग रहकर जीवनयापन करते हैं। इस आश्रित मोहल्ला ठाकुरमुडा में सड़क नही होने के कारण बच्चों को स्कूल आने जाने, बड़े बुजुर्ग को अस्पताल जाने एवं वार्डवासियों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

इस समस्या को देखते हुए आपके कार्यालय में सड़क निर्माण के लिए पिछले साल आवेदन दिया गया था, जिस पर पूर्व में पदस्थ कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना की पहल पर सड़क निर्माण कार्य के लिए जगह पर चिन्हांकित किया गया था लेकिन कार्य प्रारंभ होने के पूर्व ही उनका स्थानांतरण हो गया और सड़क निर्माण कार्य के लिए किसी भी अधिकारी द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है।



वार्डवासियों ने मांग की है कि संज्ञान में लेते हुए उक्त सड़क का निर्माण का कार्य से कार्य शीघ्र प्रारंभ कराई जाए।

## बांस से पटाखा दुकान बनाने पर रोक, टीन शेड है जरूरी

**जांजगीर।** शहर में इस साल भी हाई स्कूल मैदान में पटाखा दुकानें लग रही हैं। कुछ दुकानें नैला के पास भी लगाई जाएगी। पटाखा व्यवसायी कपड़े के टेंट में दुकान नहीं लगा सकेंगे। इस पर प्रतिबंध लगाया गया है। अब टीन शेड में दुकान लगानी होगी। साथ ही पानी, अग्निशमन यंत्र समेत अन्य सुरक्षा के उपाय करने गाइडलाइन जारी की गई है। गाइडलाइन के अनुसार पटाखा दुकान पदार्थ कपड़ा, बांस, रस्सी, टेंट इत्यादि से नहीं बनाई जाएगी। टीन शेड होना चाहिए। पटाखा दुकानों के बीच कम से कम तीन मीटर की दूरी जरूरी है। दुकानें एक-दूसरे के सामने नहीं बनाई जाएंगी। पटाखा दुकानों में प्रकाश व्यवस्था के लिए किसी भी प्रकार के तेल या गैस के लैंप और खुली बिजली तार का उपयोग नहीं किया जा सकेगा।

# महिला जागृति की अनूठी पहल आनंद सबके लिए बच्चों के साथ मनाई दीपावली



**सक्ति।** दीपावली पर्व पर आनंद सबके लिए मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा शक्ति द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर शक्ति नगर के शासकीय स्कूल सोंठी में पटाखे मिठाई बिस्कुट एवं अन्य सामग्री वितरण किया गया।

जिसमें प्रमुख रूप से उषा अग्रवाल, रीना गेवाडीन रिंकी अग्रवाल, आशा गोयल, सारिका अग्रवाल, सविता गोयल, रेखा अग्रवाल,मधु अग्रवाल, अशोक यादव जनपद सदस्य, देव डेंसिल, प्रधान पाठक हीरानंद साहू, रक्षक कुमार कश्यप, नीता, निशा गुप्ता चौधरी, रजनी सिदार, गीता कंवर एवं अन्य शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्कूल के बच्चे शामिल थे।

बच्चों की खुशी देखकर आज सभी को दीपावली पर्व पर खुशी का एहसास हुआ एवम् बच्चे झूम उठे।

## रकम दोगुना करने का झांसा देकर पिता-पुत्र ने लोगों से ठगा 16 लाख, पिता गिरफ्तार पुत्र की तलाश में जुटी पुलिस

**जैजैपुर ।** शेयर मार्केट में पैसा लगाकर रकम दोगुना करने का प्रलोभन देकर सात लोगों से 16 लाख 50 हजार ठगी करने वाले पिता को जैजैपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं उसका पुत्र फरार है। आरोपित सारंगढ बिलाईगढ जिले के बांसउरकुली का रहने वाला है। सक्ती एसडीओपी ने बताया कि बांसउरकुली निवासी संतराम जांगडे ने अपने पुत्र डेनियल जानसन के साथ 17 दिसंबर 2023 को जैजैपुर निवासी भरत लाल चंद्रा और उसके अन्य छह साथियों से आनलाईन व्यापार करने की बात कहते हुए शेयर मार्केट में पैसा लगाकर रकम दोगुना करने का झांसा दिया और उनसे 16 लाख 50 हजार रूपये की ठगी की।

# विकासखंड डभरा के किरारी में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन

### जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त 66 आवेदनों में से 59 आवेदनों का मौके पर ही किया गया निराकरण

### शिविर स्थल पर सभी विभागों द्वारा अपने-अपने विभागों में संचालित जनहितकारी योजनाओं की बारी-बारी से दी गई जानकारी

**सक्ती।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप आमजन को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में 12 जुलाई 2024 से जिले के मालखरौदा विकासखंड से जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर की शुरुआत की गई है।

इसी क्रम में डभरा विकासखंड के हायर सेकेण्ड्री स्कूल किरारी में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। विकासखंड डभरा अंतर्गत किरारी में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 66 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमे से 59 आवेदनों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया तथा शेष 7 आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण किया जायेगा। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अमृत विकास तोपनो ने सभी विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों को प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण पर फोकस करने के निर्देश दिए। शिविर स्थल पर सभी विभागों द्वारा अपने-अपने विभागों में संचालित जनहितकारी योजनाओं की बारी-बारी से विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई, जिससे बड़ी संख्या में आमजन लाभान्वित हुए। जिला स्तरीय शिविर में आज पुरुष, महिला, युवा, बुजुर्ग, बच्चे सहित विभिन्न आमजन शामिल हुए।

जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का शुभारंभ सर्वप्रथम भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर की गई। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर स्थल पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्नप्राशन, गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी प्रकार उद्यान विभाग द्वारा पौधों का वितरण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड वितरण और कृषि विभाग द्वारा बीज, कीटनाशक दवा का भी वितरण किया गया।

जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में चंद्रपुर विधायक राम कुमार यादव ने कहा कि किरारी में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में सभी विभागों के विभाग प्रमुख सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित है। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आमजन के लिए बहुत ही ज्यादा लाभदायक है इसलिए उन्होंने ज्यादा से ज्यादा लोगों से शिविर का लाभ लेने कहा। इसी क्रम में कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे श्रीमती संयोगिता सिंह जूदेव ने किरारी में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में पहुंचे सभी जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर, सभी विभागीय अधिकारियों और आमजन का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन विभिन्न चिन्हांकित ग्रामों में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री का लक्ष्य आमजन की सेवा करते हुवे सुशासन की




स्थापना करना है। श्रीमती जूदेव ने सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण करने कहा। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष खुशवंत चंद्रा द्वारा संबोधित करते हुए क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया गया तथा शिविर में आमजन से प्राप्त आवेदनों का तेजी से निराकारण कराने की बात कही गई।

इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने शिविर में आमजनता को संबोधित करते हुए कहा कि शिविर का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया की शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा शासन की योजनाओं की जानकारी देने तथा योजनाओं से लाभान्वित करने स्टॉल भी लगाए गए हैं। कलेक्टर ने जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से जिले के ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित कराने के लिए एसडीएम डभरा और जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डभरा को आगामी शिविर आयोजन तिथि की जानकारी जमीनी स्तर पर मुनादी कराते हुवे लोगों को जागरूक करने कहा। जिससे गांव-गांव तक शिविर आयोजन का प्रचार प्रसार किया जा सके। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को भी विभिन्न कार्यालयों में आने वाले आमजन को आगामी जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर की जानकारी ज्यादा से ज्यादा देने कहा। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को शिविर में प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार त्वरित गति से निराकरण करने के निर्देश दिए तथा शासन स्तर के आवेदनों व समस्याओं का प्रतिवेदन जल्द से जल्द बनाकर शासन को भेजने की प्रक्रिया करने कहा। इसके साथ ही कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके कार्यालयों में आने वाले आमजन से विनम्रतापूर्वक व्यवहार करते हुवे उन्हें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित कराने के निर्देश दिए है।

शिविर में विभिन्न जनप्रतिनिधियों और कलेक्टर ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया और हितग्राहियों को मिल रहे लाभ के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में आज राजस्व विभाग, जल संसाधन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, विद्युत विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, रेशम विभाग, पुलिस विभाग, आदिवासी विकास विभाग, आयुष विभाग, समाज कल्याण विभाग, सेवा सहकारी समिति मर्यादित, वन विभाग, आबकारी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, पशुधन विकास विभाग, उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र विभाग सहित अन्य विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई और विभागीय योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में सभी विभागीय अधिकारियों द्वारा प्राप्त आवेदनों के विवरण की जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई तथा जनपद पंचायत डभरा मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री कावेरी मरकाम द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर एसडीएम डभरा बालेश्वर राम, सीईओ डभरा सुश्री कावेरी मरकाम, नायब तहसीलदार श्री आशीष पटेल एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी, सरपंच, सचिव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, स्वसहायता समूह की महिलाएं, युवा, बुजुर्ग, महिला, पुरुष सहित विभिन्न आमजन उपस्थित थे।

किरारी में आयोजित जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग अंतर्गत संचालित जनहितकारी योजनाओं की बारी-बारी से दी गई जानकारी जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डभरा बालेश्वर राम द्वारा सांप काटने, बिच्छू काटने, कुआं में डूबने, तालाब में डूबने आदि अन्य प्राकृतिक आपदा के कारण किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाने पर प्राप्त होने वाली सहायता राशि तथा आर्थिक सहायता राशि के प्रावधानों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इसके साथ ही एसडीम डभरा द्वारा इस स्थिति में आवेदन करने की प्रक्रिया सहित राजस्व विभाग अंतर्गत संचालित अन्य विभिन्न कार्यों की जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। इसी प्रकार अन्य विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा जनहितकारी योजनाओं की बारी-बारी से जानकारी दी गई। जिससे शिविर स्थल पर पहुंचे आमजन लाभान्वित हुए।

## अनमोल वचन......

भगवान ने सिर्फ दो ही रास्ते दिए हैं। या तो देकर जाइएया फिर छोड़कर जाइए। साथ ले जाने की कोई व्यवस्था नहीं है, इसलिए सदा प्रसन्न रहें।

# रोशनी में रैंकिंग्स का सच-झूठ

*मोदी सरकार को विश्वसनीय आंकड़ों से खास गुरेज है। दशकीय जनगणना तक उसकी प्राथमिकता में नहीं है, तो आंकड़ों के प्रति उसके अपमान भाव को सहज ही समझा जा सकता है। जबकि ऐसे आंकड़े सामने हों, तो रैंकिंग्स का सच-झूठ खुद जाहिर हो जाएगा। पिछले हफ्ते ग्लोबल हंगर इंडेक्स जारी हुआ। हर साल की तरह भारत में यह राजनीतिक विवाद का मुद्दा बना। हालांकि इस बार भारत की रैंकिंग में कुछ सुधार दिखा- भारत 111वें से 105वें स्थान पर चला आया- मगर यह रैंक भी बहुत नीचे है, इसलिए यह इंडेक्स नरेंद्र मोदी सरकार को घेरने का फिर से औजार बना। मोदी सरकार का नजरिया ऐसी रिपोर्टों को सिरे से खारिज कर देने का रहा है। सरकार ऐसे सूचकांकों के लिए आंकड़े इकट्ठे करने के तरीके पर सवाल खड़े करती है। जबकि ऐसा नहीं है कि उसे ऐसे हर इंडेक्स से गुरेज हो। जिन रैंकिंग्स में भारत की बेहतर सूरत दिखे, उसका इस सरकार द्वारा धुआंधार प्रचार भी किया जाता है। अपने आरंभिक वर्षों में विश्व बैंक के ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में भारत का दर्जा उछलने को उसने अपनी खास उपलब्धि के रूप में प्रचारित किया था। लेकिन जल्द ही विशेषज्ञों ने उस सूचकांक की खामियां स्पष्ट कर दीं। भारत सहित कई देशों पर उसे को सुनियोजित ढंग से प्रभावित करने के आरोप लगे। विवाद इतना बढ़ा कि विश्व बैंक ने वह सूचकांक तैयार करना ही छोड़ दिया। उधर गुजरे दस साल में मानव विकास एवं लोकतांत्रिक स्वतंत्रताओं संबंधी तमाम सूचकांकों पर भारत की बदतर तस्वीर उभरी है। वैसे विशेषज्ञ भी मानते हैं कि कई सूचकांक गहन शोध पर आधारित नहीं होते। वे फैलते गए एनजीओ कल्चर का हिस्सा हैं। फंडिंग जरूरतों को पूरा करने के लिए एनजीओ इन्हें हर साल जल्दबाजी में तैयार कर देते हैं। मगर हकीकत यह भी है कि इन सूचकांकों को दुनिया भर के मीडिया में खूब प्रचार मिलता है। देशों की छवि इनसे बनती बिगड़ती है। तो हल क्या है? समाधान यह है कि भारत अपने हर क्षेत्र के बारे में विश्वसनीय स्त्रोतों से प्राप्त आंकड़े खुद जारी करे। मगर मोदी सरकार को ऐसे आंकड़ों से खास गुरेज रहा है। दशकीय जनगणना तक उसकी प्राथमिकता में नहीं है, तो विश्वसनीय आंकड़ों के प्रति उसके अपमान भाव को सहज ही समझा जा सकता है। जबकि ऐसे आंकड़े सामने हों, तो उनकी रोशनी में रैंकिंग्स का सच-झूठ खुद जाहिर हो जाएगा।*

# योजनाओं में भ्रष्टाचार तों अपने पाँव पसारता ही है ?

– विनीत नारायण –

**आज की सूचना क्रान्ति के दौर में ऐसी चोरी पकडऩा बायें हाथ का खेल है। उपग्रह सर्वेक्षणों से हर परियोजना के क्रियान्वयन पर पूरी नजर रखी जा सकती है और काफी हदतक चोरी पकड़ी जा सकती है। पर चोरी पकडऩे का काम नौकरशाही का कोई सदस्य करेगा तो अनेक कारणों से सच्चाई छिपा देगा। निगरानी का यही काम देशभर में अगर प्रतिष्ठित स्वयंसेवी संगठनों या व्यक्तियों से करवाया जाये तो चोरी रोकने में पूरी नहीं तो काफी सफलता मिलेगी।**

केंन्द्र सरकार बंजर भूमि, मरूभूमि व सूखे क्षेत्र को हरा-भरा बनाने के लिए हजारों करोड़ रूपया प्रान्तीय सरकारों को देती आई है। मगर जिले के अधिकारी और नेता मिलीभगत इसका बड़ा पैसा डकार जाते हैं। झूठे आंकड़े प्रान्त सरकार के माध्यम से केन्द्र सरकार को भेज दिये जाते हैं पर इस विषय के जानकारों को कागजी आंकड़ों से गुमराह नहीं किया जा सकता। आज हम उपग्रह कैमरे से हर राज्य की जमीन का चित्र देख कर यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि जहां-जहां सूखी जमीन को हरी करने के दावे किये गये, वो सब कितने सच्चे हैं।




दरअसल यह कोई नई बात नहीं है। विकास योजनाओं के नाम पर हजारों करोड़ रूपया इसी तरह वर्षों से प्रान्तीय सरकारों द्वारा पानी की तरह बहाया जाता है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी का यह जुमला अब पुराना पड़ गया कि केन्द्र के भेजे एक रूपये मे से केवल 14 पैसे जनता तक पहुंचते हैं। सूचना का अधिकार कानून भी जनता को यह नहीं बता पायेगा कि उसके इर्द-गिर्द की एक गज जमीन पर, पिछले 70 वर्षों में कितने करोड़ रूपये का विकास किया जा चुका है।

सड़क निर्माण हो या सीवर, वृक्षारोपण हो या कुण्डों की खुदाई, नलकूपों की योजना हो या बाढ़ नियन्त्रण, स्वास्थ्य सेवाऐं हों या शिक्षा का अभियान की अरबों-खरबों रूपया कागजों पर खर्च हो चुका है। पर देश के हालात कछुए की गति से भी नहीं सुधर रहे। जनता दो वक्त की रोटी के लिए जूझ रही है और नौकरशाही, नेता व माफिया हजारो गुना तरक्की कर चुके है। जो भी इस क्लब का सदस्य बनता है, कुछ अपवादों को छोड़कर, दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की करता है। केन्द्रीय सतर्कता आयोग, सीबीआई, लोकपाल व अदालतें उसका बाल भी बाकां नहीं कर पाते।

जिले में योजना बनाने वाले सरकारीकर्मी योजना इस दृष्टि से बनाते हैं कि काम कम करना पड़े और कमीशन तगड़ा मिल जाये। इन्हें हर दल के स्थानीय विधायकों और सांसदों का संरक्षण मिलता है। इसलिए यह नेता आए दिन बड़ी-बड़ी योजनाओं की अखबारों में घोषणा करते रहते है। अगर इनकी घोषित योजनाओं की लागत और मौके पर हुए काम की जांच करवा ली जाये तो दूध का दूध और पानी का पानी सामने आ जायेगा। यह काम मीडिया को करना चाहिए था। पहले करता भी था।

पर अब नेता पर कॉलम सेन्टीमीटर की दर पर छिपा भुगतान करके बड़े-बड़े दावों वाले अपने बयान स्थानीय अखबारों में प्रमुखता से छपवाते रहते है। जो लोग उसी इलाके में ठोस काम करते है, उनकी खबर खबर नहीं होती पर फर्ज़ीवाड़े के बयान लगातार धमाकेदार छपते है।

इन भ्रष्ट अफ़सरों और निर्माण कम्पनियों का भांडा तब फूटता है जब लोकार्पण के कुछ ही दिनों बाद अरबों रुपए की लागत से बने राजमार्ग या एक्सप्रेस-वे गुणवत्ता की कमी के चलते या तो धँस जाते हैं या बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। ऐसा नहीं है कि ऐसी धांधली केवल सड़क मार्गों पर ही होती है। ऐसा भी देखने को मिला है जब रेल की पटरियाँ भी धँस गई और रेल दुर्घटना हुई।

उधर जिले से लेकर प्रान्त तक और प्रान्त से लेकर केन्द्र तक प्रोफेशनल कन्सलटेन्ट का एक बड़ा तन्त्र खड़ा हो गया है। यह कन्सलटेन्ट सरकार से अपनी औकात से दस गुनी फीस वसूलते है और उसमें से 90 फीसदी तक काम देने वाले अफसरों और नेताओं को पीछे से कमीशन मे लौटा देते है। बिना क्षेत्र का सर्वेक्षण किये, बिना स्थानीय अपेक्षाओं को जाने, बिना प्रोजेक्ट की सफलता का मूल्यांकन किये केवल ख़ानापूर्ति के लिए डीपीआर (विस्तृत कार्य योजना) बना देते है। फिर चाहे जे.एन.आर.यू.एम. हो या मनरेगा, पर्यटन विभाग की डीपीआर हो या ग्रामीण विकास की सबमें फर्ज़ीवाड़े का प्रतिशत काफी ऊँचा रहता है। यही वजह है कि योजनाएँ खूब बनती है, पैसा भी खूब आता है, पर हालात नहीं सुधरते।

आज की सूचना क्रान्ति के दौर में ऐसी चोरी पकडऩा बायें हाथ का खेल है। उपग्रह सर्वेक्षणों से हर परियोजना के क्रियान्वयन पर पूरी नजर रखी जा सकती है और काफी हदतक चोरी पकड़ी जा सकती है। पर चोरी पकडऩे का काम नौकरशाही का कोई सदस्य करेगा तो अनेक कारणों से सच्चाई छिपा देगा। निगरानी का यही काम देशभर में अगर प्रतिष्ठित स्वयंसेवी संगठनों या व्यक्तियों से करवाया जाये तो चोरी रोकने में पूरी नहीं तो काफी सफलता मिलेगी।


ग्रामीण विकास के मंत्री ही नहीं बल्कि हर मंत्री को तकनीकी क्रान्ति की मदद लेनी चाहिए। योजना बनाने में आपाधापी को रोकने के लिए सरल तरीका है कि जिलाधिकारी अपनी योजनाएँ वेबसाइट पर डाल दें और उनपर जिले की जनता से 15 दिन के भीतर आपत्ति और सुझाव दर्ज करने को कहें। जनता के सही सुझावों पर अमल किया जाये। केवल सार्थक, उपयोगी और ठोस योजनाएँ ही केन्द्र सरकार व राज्य को भेजी जाये।

योजनाओं के क्रियान्वयन की साप्ताहिक प्रगति के चित्र भी वेबसाइट पर डाले जायें। जिससे उसकी कमियां जागरूक नागरिक उजागर कर सकें। इससे आम जनता के बीच इन योजनाओं पर हर स्तर पर नजर रखने में मदद मिलेगी और अपना लोकतन्त्र मजबूत होगा। फिर बाबा रामदेव या अन्ना हजारे जैसे लोगों को सरकारों के विरुद्ध जनता को जगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

आज हर सरकार की विश्वसनीयता, चाहें वो केन्द्र की हो या प्रान्तों की, जनता की निगाह में काफी गिर चुकी है और अगर यही हाल रहे तो हालत और भी बिगड़ जायेगी। देश और प्रान्त की सरकारों को अपनी पूरी सोच और समझ बदलनी पड़ेगी। देशभर में जिस भी अधिकारी, विशेषज्ञ, प्रोफेशनल या स्वयंसेवी संगठन ने जिस क्षेत्र में भी अनुकरणीय कार्य किया हो, उसकी सूचना जनता के बीच, सरकारी पहल पर, बार-बार, प्रसारित की जाये। इससे देश के बाकी हिस्सों को भी प्रेरणा और ज्ञान मिलेगा।

फिर सात्विक शक्तियां बढ़ेंगी और देश का सही विकास होगा। अभी भी सुधार की गुंजाइश है। लक्ष्य पूर्ति के साथ गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाए। यह तो आने वाला समय ही बताएगा कि इन घोषणाओं के चलते किए गए ये दावे गुणवत्ता के पैमाने पर कितने खरे उतरते हैं? चूँकि ऐसी योजनाओं में भ्रष्टाचार तों अपने पाँव पसारता ही है? ऐसे में जनहित का दावा करने वाले नेता क्या वास्तव में जनहित करे पाएँगे?

## तस्वीरों की दुनिया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज से हाथ मिलाया।



दिल्ली प्रशासन के कर्मचारी नई दिल्ली में चल रहे सफाई अभियान के तहत कालिंदी कुंज के पास नावों का उपयोग करके यमुना नदी से जहरीला झाग हटा रहे हैं।



केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के साथ नई दिल्ली में यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज के 53वें स्थापना दिवस समारोह और दीक्षांत समारोह के दौरान दीप प्रज्वलित करते हुए।



चक्रवात दाना के गुरुवार देर रात कोलकाता पहुंचने के बाद भारी बारिश के दौरान सड़कों पर वाहन चलते रहे।



केंद्रपाड़ा में गुरुवार देर रात चक्रवात दाना के आने के बाद तलचुआ गांव में एक पेड़ उखड़कर एक घर पर गिर गया।



केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण और यूनाइटेड किंगडम की चांसलर ऑफ एक्सचेकर रेचल रीव्स वाशिंगटन डीसी में द्विपक्षीय बैठक के दौरान।

## राशिफल

**मेष राशि**-आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपकी मुलाकात किसी प्रभावशाली व्यक्ति से होगी। आज आप अपने अंदर सकारात्मक ऊर्जा महसूस करेंगे। पिछले कुछ समय से आप जिस वक्त का इंतजार कर रहे थे, वो इंतजार आज खत्म होगा । परिस्थितियां अनुकूल बनी रहेगी।

**वृष राशि**-आज का दिन आपके लिए ख़ास रहने वाला है। आज दोपहर बाद परिस्थितियां बहुत ही अनुकूल रहेगी। किसी पॉलिसी में पैसा लगाने जा रहे हैं तो पहले उसके बारे में पूरी जांच- पड़ताल अवश्य कर लें, या किसी जानकार व्यक्ति की सलाह लेंगे तो सारे काम बनेंगे। आज आपको निश्चित ही फायदा होगा।

**मिथुन राशि**-आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है 7 जिस नए काम की शुरुआत करने में आपको दिक्कतें आ रही थी, आज वे सुगमता से बनने शुरू हो जाएंगे। आज दिल की बजाय दिमाग से काम लेना जरूरी है।

**कर्क राशि**-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज कामों में रुकावट आने की वजह से आपके मनोबल में कमी आ सकती है। इस समय धैर्य रखना जरूरी है। अपने सगे संबंधियों के साथ बात करते समय मधुर भाषा का प्रयोग करें।

**सिंह राशि**-आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज किसी भी महत्वपूर्ण काम को करते समय घर के बड़े बुजुर्गों की सलाह और आशीर्वाद जरूर लें, आपकी सफलता निश्चित है। कुछ समय से चल रही किसी समस्या का भी आज हल निकलेगा।।

**कन्या राशि**-आज का दिन खुशियां लेकर आया है। व्यवसाय संबंधित गतिविधियों पर जो विचार चल रहा था, आज उन पर काम करना पड़ेगा। ऐसा करना फायदेमंद साबित होगा। कर्मचारी और सहयोगी भी अपनी पूर्ण क्षमता से सहयोग करेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को कोई लक्ष्य हासिल कर लेने से राहत मिलेगी।

**तुला राशि**-आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। अपनी प्रतिभाओं को और अधिक बेहतर बनाएंगे। योजनाओं को क्रियान्वित करने में भी अपनी उर्जा लगाएंगे। आप जिस काम के लिए काफी समय से प्रयासरत थे, वह काम आज पूरा होने वाला है।

**वृश्चिक राशि**-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज पिछले कुछ समय से आप जिस काम के प्रति अथक मेहनत कर रहे थे, उसका उचित परिणाम मिलने ही वाला है। आज आपके अंदर कुछ अच्छे विचार आयेंगे।

**धनु राशि**-आज का दिन आपके लिए ठीक रहेगा। आज जो भी मौका मिले, उस पर ज्यादा सोच-विचार ना करके तुरंत हासिल कर लेंगे, तो ज्यादा लाभ होगा। मेहनत की अधिकता रहेगी परंतु आने वाले समय में इसके उत्तम परिणाम हासिल होंगे। नौकरी कर रहे लोगों को किसी प्रोजेक्ट को पूरा करने में सफलता मिलेगी।

**मकर राशि**-आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपके लिए लाभदायक और खुशनुमा परिस्थितियां बना रही है। घर में कोई मांगलिक कार्य संबंधी योजना भी बनेगी। अपने महत्वपूर्ण काम.... दिन की शुरुआत में ही निपटाने का प्रयास करेंगे... क्योंकि पारिवारिक गतिविधियों में भी आपका समय बीतने वाला है। आज आपकी किसी सफलता से जीवनसाथी तथा परिवारजनों को गर्व महसूस होगा। आपसी रिश्ते में और अधिक भावनात्मक मजबूती आएगी।

**कुंभ राशि**-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज बाहरी गतिविधियों की बजाए नजदीकी संपर्कों को मजबूत करने में ध्यान केंद्रित करेंगे। आज का दिन आपके लिए लाभदायक परिस्थितियां बना रहा है। कोई फंसा हुआ पैसा निकालने के लिए किए गए प्रयास आज सफल होगा। राजनीति से जुड़े लोगों का आज समाज में दबदबा बना रहेगा। इस राशि की महिलाये अपना बिजनेस स्टार्ट कर सकती है, अधिक लाभ होगा। जल्दबाज़ी में निर्णय लेने से बचें, सोच समझकर ही अपना काम करें।

**मीन राशि**-आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला। आज आप जिंदगी को पूरी तरह जिएंगे। आज लंबे समय से कर्जा आदि से आखिरकार आपको छुटकारा मिल जाएगा। दोस्त आज शाम को कोई बढ़िया योजना बनाकर आपका दिन खुशनुमा कर देंगे। आज आप अपने आप को काफी अच्छा महसूस करेंगे। माता-पिता के साथ समय बिताएंगे, जिससे उन्हें प्रसन्नता होगी।

# प्रतिपक्ष की भूमिका निभाने की जरूरत नहीं

– ओमप्रकाश मेहता –

**भारत की न्याय पालिका हमारे संविधान की मंशा के अनुरूप ही काम कर रही है तथा भारत का सर्वोच्च न्यायालय अमेरिका जैस नही है, जहां मामले दशकों तक लम्बित रहते है, हमारी ओर से दिन में जितने मामलों का निराकरण होता है उतने तो कई पश्चिमी देशों में एक वर्ष में भी नही दिया जाता, ये उद्गार भारत की न्याय व्यवस्था व न्याय में कथित विलम्ब के आरोप पर सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने व्यक्त किए, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सर्वोच्च न्यायालय जनता की अदालत है और उसे अपनी इस भूमिका का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और कानून के अनुरूप करना चाहिए। उन्होंने न्याय पालिका से उस पर पक्षपात व न्याय संहिता के विपरीत काम करने के आरोपों पर अपना मन्तव्य व्यक्त किया। उन्होंने न्याय पालिका की प्रजतांत्र में अहम् भूमिका भी प्रतिपादित की।**

जस्टिस चंद्रचूड ने न्याय पालिका को स्पष्ट हिदायत दी कि उसे देश के सामने प्रतिपक्षी दल की भूमिका में कतई सामने नहीं आना है, क्योंकि न्याय पालिका ही वर्तमान प्रजातंत्र के तीन अंगों कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका में आज विश्वसनीय रही है तथा देश की जनता को सिर्फ और सिर्फ प्रजातंत्र के इसी अंग के प्रति विश्वास व निष्ठा शेष बची है।



माननीय मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ के इस दावे की सच्ची व ईमानदारी समीक्षा तो जनता के स्तर पर होगी, किंतु इसी बीच यह आरोप भी सच है कि देश की विभिन्न अदालतों में कई वर्षों से करोड़ों मामले लम्बित है इन अदालतों में सर्वोच्च न्यायालय भी शामिल है, यहां यह उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय ने मुकदमों के निराकरण को शीघ्र व निश्चित समयसीमा में करने को सही तो बताया था लेकिन इसे असंभव भी करार दिया था, क्योंकि उनका सरकार पर स्पष्ट आरोप था कि करोड़ों लम्बित मामलों को निपटाने के लिए पर्याप्त न्यायाधीश, न्यायालय और अमला नही है, जिसकी सरकार पूर्ति नही कर पा रही है, यदि पर्याप्त अदालतें, न्यायाधीश व अमला हो तो लम्बित मामले शीघ्र ही निपटाए जा सकते है। न्याय पालिका के इस जवाब पर केन्द्र सरकार पूरी तरह मौन है। अब यह समझ से परे है कि सरकार की इस मामले में दिलचस्पी क्यों नही है? यहां यह विचारणीय है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा सरकार पर पूरा ठीकरा फोडऩे के बजाए स्वयं उसे ही अपने स्तर पर इस दिशा में प्रयास किए जाने चाहिए और चूंकि सर्वोच्च न्यायालय देश के उच्च न्यायालयों से लेकर जिला स्तर तक की अदालतों के लिए मार्गदर्शक बिन्दू है, इसलिए सर्वोच्च न्यायालय को इस दिशा में आदर्श स्थापित करना चाहिए, फिर उसी का अनुसरण निचली अदालतें भी करेगी। फिर वर्षों से न्याय की प्रतीक्षा करने वालों को आशा की कोई किरण नजर आएगी।

किंतु अब फिर वही सवाल है कि सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को यह कहने को क्यों बाध्य होना पड़ा कि %%सुप्रीम कोर्ट को प्रतिपक्ष की भूमिका निभाने की जरूरत नहीं'', उनका कहना था कि %%क्या यह किसी से भी छिपा है कि पिछले कुछ समय से सरकार के हर फैसले और यहां तक कि संसद से पारित प्रत्येक कानून को सुप्रीम कोर्ट में चुनौति देने का सिलसिला निकल पड़ा है?'' यदि सुप्रीम कोर्ट जनहित याचिकाओं के सहारे सरकार एवं संसद के हर फैसले की समीक्षा करेगा और यहां तक की कानूनों की वैधानिकता को परखे बिना उसके अमल पर रोक लगा देगा, जैसा कि कृषि कानूनों के बारे में हुआ था, तो फिर तो वह विपक्ष की भूमिका में ही नजर आएगा? यदि सर्वोच्च न्यायालय को जनता की अदालत के रूप में अपनी छवि को मजबूत करना है तो उसे संसद के हर फैसले की समीक्षा करना छोडऩा होगा और देश की जनता को तय समय पर शीघ्र व सस्ता न्याय देने की पहल करनी होगी, यही प्रजातंत्र की अपने इस अंग से अपेक्षा है।

# कनाडा में पढ़ने जाने से पहले सोचें, भारतीय उच्चायुक्त ने बताई सच्चाई, कहा- हर हफ्ते आते थे दो शव

**नई दिल्ली।** कनाडा से वापस बुलाए गए भारतीय उच्चायुक्त संजय वर्मा ने कहा है कि वहां पर अध्ययन करने की इच्छा रखने वाले भारतीय छात्रों को इस बारे में गंभीरता से सोचना चाहिए।

लाखों रुपये खर्च करने के बावजूद कई छात्र घटिया कालेजों में दाखिला ले लेते हैं और उन्हें नौकरी का कोई मौका नहीं मिलता। इसके परिणामस्वरूप वे अवसादग्रस्त हो जाते हैं और आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर होते हैं।एक विशेष साक्षात्कार में संजय वर्मा ने कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान एक समय ऐसा भी था, जब हर सप्ताह कम से कम दो छात्रों के शव कनाडा से भारत भेजे जाते थे। असफल होने के बाद छात्र अपने माता-पिता का सामना करने के बजाय आत्महत्या कर लेते थे। संजय वर्मा ने कहा कि छात्र वहां उज्ज्वल भविष्य का सपना लेकर जाते हैं, लेकिन उनके शव बॉडी बैग में वापस आते हैं।उन्होंने कहा कि अभिभावकों को निर्णय लेने से पहले कालेजों के बारे में अच्छी तरह से जानकारी हासिल कर लेनी चाहिए। बेईमान एजेंट भी उन छात्रों की दुर्दशा के लिए जिम्मेदार हैं, जो अल्पज्ञात कालेजों में प्रवेश पाते हैं। इस तरह के कई कॉलेज सप्ताह में शायद एक ही कक्षा संचालित करते हैं। चूंकि सप्ताह में एक बार कक्षा होती है, इसलिए वे सिर्फ उतना ही पढ़ेंगे और उनका कौशल विकास भी उसी हिसाब से होगा।उन्होंने कहा कि इसके बाद आप देखेंगे कि इंजीनियरिंग की डिग्री लेकर कोई छात्र कैब चला रहा है या किसी दुकान पर चाय-समोसा बेच रहा है। इसलिए वहां की जमीनी हकीकत बहुत उत्साहजनक नहीं है। भारतीय राजनयिक ने कहा कि कनाडा जाने के बाद छात्र फंस जाते हैं। उनमें से कई के माता-पिता ने अपनी जमीनें



और अन्य संपत्तियां बेच दी होती हैं। उन्होंने कर्ज लिया होता है।उनके मुताबिक इसके बाद छात्र वापस लौटने के बारे में नहीं सोच सकता, क्योंकि लौटने के लिए उसके पास कुछ भी नहीं बचा होता है। इसके परिणामस्वरूप आत्महत्याएं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 18 महीनों में मैंने कई छात्रों से उनकी समस्याओं के बारे में वीडियो रिकॉर्ड करवाकर यूट्यूब पर अपलोड कराई है।संजय वर्मा ने कहा कि कनाडा ने खालिस्तानी आतंकवादियों के प्रत्यर्पण के लिए भारत की ओर से भेजे गए 26 अनुरोधों में से केवल पांच का समाधान किया है। 21 अनुरोध दशकों से लंबित हैं। इसलिए मैं कहूंगा कि यह निष्क्रियता है। एएनआई के अनुसार, संजय वर्मा ने कहा कि केवल कुछ प्रतिशत कनाडाई सिख खालिस्तानी मुद्दे का समर्थन करते हैं। अगर कनाडा को इसकी परवाह है तो उन्हें उनके लिए जगह देनी चाहिए और इसे खालिस्तान कहना चाहिए।कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने मान लिया है कि उनकी सरकार महामारी से बाहर आने के बाद प्रवासियों को लेकर सही संतुलन बनाने में विफल रही है। अब सरकार ने नए प्रवासियों की संख्या को घटाने का फैसला किया है। ट्रूडो सरकार ने अगले दो वर्षों तक हर साल पांच लाख नए स्थायी निवासियों को देश में आने की अनुमति देने की योजना बनाई थी। अब उन्होंने कहा है कि अगले साल का लक्ष्य 3.95 लाख नए स्थायी निवासियों का होगा। 2026 में यह आंकड़ा 3.80 लाख तक गिर जाएगा। ट्रूडो ने कहा कि कनाडा के भविष्य के लिए आव्रजन आवश्यक है, लेकिन इसे नियंत्रित किया जाना चाहिए।

## पुष्पा स्टाइल में हो रही थी तस्करी, पेट्रोल टैंकर में भरी शराब; पुलिस ने किया भंडाफोड़

**जयपुर।** राजस्थान में पुलिस ने पेट्रोल टैंकर में भरी शराब का भंडाफोड़ किया है। शराब को गुजरात लेकर जा रहे तस्करों को पुलिस ने पकड़ लिया तब इसका खुलासा हुआ। बड़ी बात ये है कि तस्करों ने शराब तस्करी के लिए पुष्पा फिल्म का स्टाइल अपनाया ताकि वह पुलिस की नजरों से बच सकें। लेकिन राजस्थान पुलिस ने तस्करों के खिलाफ एक अभियान छेड़ रखा है लगातार तीसरे कार्रवाई में यह पेट्रोल टैंकर में भरी शराब हाथ लगी ।राजस्थान के सिरोही जिले में पुलिस ने अवैध शराब से भरे टैंकर को पकड़ा। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया है उससे पूछताछ की जा रही है। सीओ गोमाराम ने बताया कि एसपी अनिल कुमार के निर्देश पर राजस्थान गुजरात सीमा पर मावल चौकी पर पुलिस गहन तरीके से चेकिंग कर रही है।

## ऐशों-आराम का चाहिए था जीवन, तो 19 साल के नर्सिंग छात्र ने शुरू किया बाइक चोरी गैंग, बाड़मेर पुलिस के चढ़ा हत्थे



**नई दिल्ली।** राजस्थान की बाड़मेर पुलिस को बाइक चोरी की घटनाओं के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है, जहां पुलिस ने एक गैंग का पर्दाफाश किया है। हालांकि, इसमें हैरानी वाली बात निकलकर सामने आई कि इस पूरे गैंग का गिरोह एक 19 साल का छात्र निकलकर आया, जो कि अभी नर्सिंग फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रहा है।गौरतलब है कि बाड़मेर से पिछले कुछ समय से लगातार बाइक चोरी की घटनाएं सामने आ रही थीं। इन पर लगाम लगाने के लिए पुलिस ने एक्शन प्लान बनाया और जांच में जुट गई। जांच में पुलिस के हत्थे बाइक चोरी करने वाली एक गैंग चढ़ी। आरोपियों से पूछताछ करने पर पता चला कि 19 साल का छात्र यह गैंग चला रहा है।आरोपियों ने पुलिस को बताया कि यह छात्र ऐशों- आराम का जीवन चाहता था और दिखावा करना चाहता था, इसलिए चोरी करने वाली गैंग चला रहा था। पुलिस ने आरोपियों से बाड़मेर शहर से चोरी की गई 16 बाइकें भी बरामद की है।पुलिस ने इस संबंध में पोस्ट करते हुए लिखा, ऑपरेशन भौकाल के तहत डीएसटी व थाना कोतवाली बाड़मेर पुलिस की बड़ी कार्यवाही। मोटरसाईकल चुराने वाली गैंग का पर्दाफाश, 16 मोटरसाईकलें बरामद करने मे सफलता। मुख्य सरगना सहित 4 आरोपी दस्तयाब। नरेन्द्र सिंह मीना पुलिस अधीक्षक बाड़मेर ने बताया कि श्रीमान् महानिरीक्षक पुलिस, जोधपुर रेंज, जोधपुर के निर्देशानुसार वाहन चोरी गैंग के खुलासा हेतु विशेष अभियान ऑपरेशन भौकाल चलाया जा रहा है। मोटरसाईकल चुराने वाली गैंग का पर्दाफाश16 मोटरसाईकले बरामद करने मे सफलतापुलिस ने कहा कि विशेष टीमों द्वारा शहर बाड़मेर मे वाहन चोरी हुए प्रकरणो के घटनास्थल पर पहुंचकर आस-पास के करीब 200 कैमरों के फुटेज खंगाले गए एवं तकनीकी सहायता से निगरानी रखकर संदिग्धो की पहचान की गई।

# तेज हवाओं के चलते वायु की गुणवत्ता में आया सुधार, चार दिन बाद क्यू आई आया खराब श्रेणी में

**नई दिल्ली।** तेज हवाओं के असर से शुक्रवार को वायु गुणवत्ता के स्तर में और अधिक सुधार देखने को मिला। लगातार चार दिन तक बहुत खराब श्रेणी में रहने के बाद शुक्रवार को दिल्ली का एक्यूआई 300 से नीचे यानी खराब श्रेणी में दर्ज किया गया।हालांकि केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अधीन वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान प्रणाली के अनुसार शनिवार को एक्यूआई के फिर से बहुत खराब श्रेणी में पहुंच जाने के आसार हैं। रविवार को भी यही स्थिति बनी रहेगी। इसके बाद हालात और बिगड़ सकते हैं। एक्यूआई गंभीर श्रेणी में भी पहुंच सकता है।केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा जारी एयर क्वालिटी बुलेटिन के अनुसार शुक्रवार को राजधानी का एक्यूआई 270 दर्ज किया गया। इसे खराब श्रेणी में रखा जाता



है। एक दिन पूर्व बृहस्पतिवार को यह 306 और दो दिन पहले बुधवार को 364 दर्ज किया गया था। जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। 48 घंटे के भीतर इसमें 94 अंक की गिरावट आई है।आलम यह है कि आनंद विहार को छोड़कर दिल्ली के किसी भी इलाके की हवा शुक्रवार को बहुत खराब श्रेणी में नहीं थी। रात नौ बजे आनंद विहार का एक्यूआई 377 दर्ज किया गया। एनसीआर के शहरों में भी तेज हवा के असर से वायु गुणवत्ता में सुधार देखा गया। गुरुग्राम, गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा और फरीदाबाद में तो एक्यूआई 200 से भी नीचे यानी मध्यम स्तर पर दर्ज किया गया।शनिवार से हवा की गति कम हो जाएगीस्काईमेट वेदर के महेश पलावत ने कहा कि शुक्रवार को भी हवा की गति बढ़ने के कारण एक्यूआई में सुधार हुआ है। मालूम हो कि हवा की गति 16 किमी प्रति घंटे तक की रही। उन्होंने बताया, आज हवा की गति कल की तुलना में अपेक्षाकृत अधिक थी। जब भी हवा एक विशेष दिशा से लंबे समय तक लगातार चलती है, तो यह आमतौर पर प्रदूषकों को बिखेर देती है। हालांकि शनिवार से हवा की गति कम हो जाएगी।

## त्रिशूर में जीएसटी का सबसे बड़ा ऑपरेशन, 700 लोगों की टीम ने जब्त किया 104 किलो सोना



**त्रिशूर।** केरल में राज्य जीएसटी विभाग की खुफिया शाखा के 700 अधिकारियों की टीम ने अपनी तरह के पहले आपरेशन में त्रिशूर में सोने के आभूषण बनाने वाली कई कंपनियों पर छापेमारी कर 104 किलोग्राम किलोग्राम बेहिसाबी सोना जब्त किया है। किसी को इस आपरेशन की भनक नहीं लग सके इसलिए अधिकारी पर्यटक बस से विभिन्न जगहों पर छापेमारी के लिए पहुंचे। टोरे डेल ओरो नाम से की गई यह छापेमारी बुधवार शाम से गुरुवार 11 बजे तक की गई। टोरे डेल ओरो नाम एक स्पेनिश शब्द से लिया गया है जिसका अर्थ सोने का टावर होता है।अधिकारियों ने बताया कि अपनी तरह के पहले इस आपरेशन को काफी सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया। बुधवार (23 अक्टूबर) को लगभग 700 अधिकारियों को दो स्थानों पर इकट्ठा हुए। इसके बाद अधिकारियों को पर्यटक बसों में त्रिशूर के विभिन्न स्थलों पर ले जाया गया। ऐसा दर्शाया गया कि वे स्टडी टूर के लिए जा रहे हैं।इस ऑपरेशन में शामिल वरिष्ठ जीएसटी अधिकारी ने कहा, हमने गोपनीयता बनाए रखने के लिए पर्यटक बसों को चुना। विभागीय वाहनों में अधिकारियों को ले जाने से सूचना लीक होने का खतरा हो सकता था। अगर सोने के कारोबारियों को हमारे ऑपरेशन की भनक लग गई, तो इससे हमारा मिशन खतरे में पड़ सकता था।

## कोर्ट में बुर्का पहनकर आई हिंदू महिला, मच गई खलबली, डीएम को बताई पूरी हकीकत

**बुलंदशहर।** दबंगों के डर से एक हिंदू महिला बुर्का पहनकर नायब तहसीलदार की कोर्ट में पहुंची। उसने दूसरे पक्ष पर कर्मचारियों से साठगांठ किए जाने का आरोप लगाया। वहीं, पीड़ित महिला की ओर से डीएम को लिखे पत्र में ससुराल पक्ष के लोगों पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसकी जमीन पर कुछ लोग अवैध निर्माण कार्य एवं कब्जा कर रहे हैं। डीएम चन्द्रप्रकाश सिंह ने पीड़ित महिला के साथ अन्याय नहीं होने देने की बात कही है। सुनीता शुक्रवार को दबंगों के डर से अपनी पहचान छुपाने के लिए शिकारपुर स्थित नायब तहसीलदार की कोर्ट में बुर्का पहनकर पहुंची। उसका कहना है कि कोर्ट में इसका एक जमीनी विवाद चल रहा है। आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोग उसकी जमीन पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। वह मुकदमे की पैरवी करने आती है तो उसके साथ मारपीट करते हैं। नायब तहसीलदार न्यायालय द्वारा अंतिम आदेश तक निर्माण कार्य व क्रय-विक्रय रोकने का आदेश कर दिया गया है, जिसका परवाना



भी जारी किया जा चुका है। परंतु तहसील कर्मचारी आदेश को खतौनी में नहीं चढ़ा रहे। महिला के अधिवक्ता मूल कुमार गौड़ ने कहा कि महिला दबंगों के डर से बुर्का पहनकर गई थी। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, सीओ शिकारपुर को जांच के निर्देश दिए हैं। जो भी दोषी होगा उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।बुलंदशहर। मुरसाना गांव में शराब के नशे में चार लोगों ने महिलाओं के साथ छेड़खानी कर दी। विरोध करने पर शराबी अभद्रता करने लगे। ग्रामीणों के आने पर आरोपित धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ग्रामीणों के मुताबिक गांव मुरसाना में शराब पीने वालों का आतंक रहता है। गांव स्थित खड़क सिंह चौराहा के पास गांव के लोग आए दिन शराब पीते हैं। शराब के नशे में होने पर लोग वहां से गुजरने वाली महिलाओं और युवतियों के साथ अभद्रता करते हैं। कई बार शराबी लोग महिलाओं के साथ अभद्रता कर चुके हैं।

# गाजा और लेबनान में कहर बनकर बरस रहा इजरायल, हवाई हमले में तीन पत्रकारों की मौत

**बेरूत।** इजरायल गाजा पट्टी और लेबनान में लगातार हमले कर रहा है। उसने शुक्रवार तड़के हवाई हमले में दक्षिणी लेबनान में एक परिसर को निशाना बनाया, जहां तीन पत्रकार मारे गए। इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान में रॉकेट हमले में अपने पांच सैनिकों की मौत की जानकारी दी। जबकि गाजा में गुरुवार रात से इजरायली हमलों में 72 लोग मारे गए।लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को इजरायली हमले में पत्रकारों की मौत की जानकारी दी। पत्रकारों की पहचान गस्सान नजर, मोहम्मद रिदा और विसम कासिम के रूप में की गई। नजर और रिदा ईरान समर्थित अल-मायादीन टीवी के लिए काम करते थे, जबकि कासिम हिजबुल्ला के अल-मनार टीवी के लिए काम करता था। स्थानीय समाचार चैनल ने घटनास्थल के फुटेज प्रसारित किए, जिसमें ढही इमारतें और क्षतिग्रस्त कारें दिखीं, जिन पर प्रेस लिखा था।लेबनानी सूचना मंत्री जियाद मकारी ने कहा, यह एक युद्ध अपराध है। जिन इमारतों को निशाना बनाया गया, उनका उपयोग स्काई न्यूज और अलजजीरा



समेत छह मीडिया आउटलेट के 18 पत्रकार करते थे। हालांकि इजरायल की ओर से इस पर अभी कोई बयान नहीं आया है। पूर्व के इजरायली हमलों में युद्ध मैदान में कवरेज के दौरान पांच पत्रकारों की मौत हो चुकी है। इस बीच, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि संघर्ष का कूटनीतिक समाधान निकालने की तत्काल आवश्यकता है। इधर, गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इजरायली हमले में खान यूनिस में बच्चों और महिलाओं समेत 38 लोग मारे गए। इजरायली सेना ने कहा कि उसने हवाई और जमीनी हमलों में कई बंदूकधारी फलस्तीनियों को मार गिराया। गाजा में इजरायली कार्रवाई में फलस्तीनियों के लिए काम करने वाली संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के एक ड्राइवर के मारे जाने की भी खबर है।हमास ने सात अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजरायल में बड़ा हमला किया था, जिसमें करीब 1200 लोग मारे गए थे। इसके बाद इजरायल ने गाजा में सैन्य अभियान शुरू किया। इसमें अब तक 42,847 फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है। इजरायल ने दक्षिणी लेबनान में भी हमला किया है। इजरायली सेना ने बताया कि बीती रात हवाई हमले में बेरूत के उपनगर में हिजबुल्ला के हथियार भंडार और उत्पादन केंद्र को निशाना बनाया गया। इजरायल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि देश का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को दोहा जाएगा। इजरायली खुफिया एजेंसी मोसाद के प्रमुख इसका नेतृत्व करेंगे।

## दिल्ली में सात लोगों ने फर्जी ईडी अधिकारी बनकर की छापेमारी

**नई दिल्ली।** फिल्म स्पेशल 26 के अंदाज में सात लोग फर्जी ईडी अधिकारी बनकर दक्षिण दिल्ली के डीएलएफ फार्म इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति के घर छापेमारी करने पहुंचे और पांच करोड़ रुपये की मांग की। पैसों के लिए रात भर पीड़ित को उसके घर में बंधक बनाए रखा और सुबह उसके खाते से रुपये ऐंठने के लिए पीडित को लेकर हौज खास स्थित कोटक बैंक पहुंच गए।इसी दौरान पीड़ित ने मौका पाकर अपने वकील को भी बुला लिया और सवाल जवाब के क्रम में जब भेद खुलने लगा तो ठग भाग निकले। मामले की सूचना मिलने के बाद ईडी व पुलिस अधिकारी बैंक पहुंचे और मामला दर्ज किया। जांच एजेंसी ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर बताया कि उसे 22 अक्टूबर को दोपहर करीब 12 बजे सूचना मिली कि कुछ लोग ईडी अधिकारी बनकर छतरपुर इलाके में अशोका एवेन्यू स्थित डीएलएफ फार्म इलाके में तलाशी ले रहे हैं।

# रूस-यूक्रेन युद्ध में किम जोंग उन के सैनिकों की एंट्री जेलेंस्की के दावे पर बोले पुतिन- हम जो चाहे कर सकते हैं

**मास्को।** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को कहा कि यह रूस का मामला है कि वह उत्तर कोरियाई सैनिकों का उपयोग करने का निर्णय लेता है या नहीं। यदि यूक्रेन नाटो में शामिल होना चाहता है, तो मास्को अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जो चाहे कर सकता है।इससे पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि खुफिया विभाग को पता चला है कि रविवार और सोमवार के बीच पहली उत्तर कोरियाई सेना का इस्तेमाल रूस द्वारा युद्ध क्षेत्रों में किया जाएगा। यूक्रेन का अनुमान है कि प्योंगयांग द्वारा रूस भेजे गए उत्तर कोरियाई सैनिकों की संख्या 12,000 थी, जिसमें लगभग 500 अधिकारी और तीन जनरल शामिल थे।अमेरिका ने बुधवार को कहा था कि उसने इस बात के सुबूत देखे हैं कि उत्तर कोरिया ने यूक्रेन में संभावित तैनाती के लिए 3,000 सैनिकों को रूस भेजा है। पुतिन ने गुरुवार को अमेरिकी दावों से इनकार नहीं किया, लेकिन कहा कि यह मॉस्को पर निर्भर है कि वह प्योंगयांग के साथ अपने पारस्परिक रक्षा समझौते को कैसे चलाएगा।उन्होंने पश्चिम पर यूक्रेन युद्ध को



बढ़ाने का आरोप लगाया। पुतिन ने कहा कि हमें जब कुछ तय करना होगा, हम फैसला करेंगे, लेकिन यह हमारा संप्रभु निर्णय है कि हम इसे लागू करेंगे या नहीं। पुतिन ने कहा कि पश्चिम ने बार-बार कहा है कि यह यूक्रेन पर निर्भर है कि वह अपनी सुरक्षा कैसे सुनिश्चित करता है, नाटो के साथ या उसके बिना।इधर भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर दोहराया कि भारत यूक्रेन और प.एशिया में शांति के लिए हरसंभव मदद करेगा। प्रधानमंत्री मोदी और जर्मनी के चांसलर शुल्ज की मुलाकात के बाद भारत और जर्मनी ने यूक्रेन और पश्चिम एशिया में जारी संघर्षों पर चिंता जताई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिक्स के बाद एक बार फिर जोर देकर कहा कि भारत इन युद्धरत क्षेत्रों में शांति की बहाली के लिए हरसंभव योगदान देने को तैयार है।उन्होंने कहा कि यूक्रेन और पश्चिम एशिया में जारी तनाव की स्थिति काफी चिंता की बात है और भारत वहां शांति स्थापित करने के लिए जो भी संभव होगा वह कदम उठाएगा। भारत हमेशा से यह मानता है कि युद्ध से किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। विश्व, तनाव, संघर्षों और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है।

## अरविंद केजरीवाल के लिए आवास की मांग को लेकर हाईकोर्ट पहुंची आप, कोर्ट ने केंद्र सरकार से मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के लिए एक आवास आवंटित करने का केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा दायर याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति संजीव नरुला की पीठ ने याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी करते हुए सुनवाई 26 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी। याचिका दायर कर आप ने कहा कि इस संबंध में जारी दिशा निर्देशों के अनुसार राष्ट्रीय राजनीतिक दल के अध्यक्ष दिल्ली में आवास के हकदार हैं। ऐसे में अरविंद केजरीवाल को आवास आवंटित किया जाना चाहिए।आप के वकील ने कहा कि केजरीवाल को आवास आवंटित करने के लिए 20 सितंबर को संबंधित अधिकारियों को एक पत्र लिखा गया था। याचिका में कहा गया कि राजनीतिक दलों को सामान्य पूल से आवास आवंटन के लिए दिशा-निर्देशों के अनुसार मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को लाइसेंस शुल्क के भुगतान पर अपने कार्यालय उपयोग के लिए आवास इकाई का आवंटन सुरक्षित करने की अनुमति है।हाईकोर्ट ने पांच जून को आप की याचिका पर निर्णय दिया था कि आप अन्य राष्ट्रीय राजनीतिक दलों की तरह दिल्ली में पार्टी कार्यालय के लिए जगह की हकदार है। मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद अरविंद केजरीवाल ने चार अक्टूबर को सिविल लाइन्स स्थित छह फ्लैगस्टाफ रोड बंगला खाली कर दिया था और तब से वह मंडी हाउस के पास एक पार्टी सदस्य के आधिकारिक आवास में चले गए थे।अरविंद केजरीवाल ने 4 अक्टूबर को सीएम आवास खाली कर दिया था। इसके बाद वह लुटियंस दिल्ली के फिरोजशाह रोड स्थित बंगला नंबर पांच में रह रहे हैं। यह बंगला आधिकारिक तौर पर पंजाब से आप के राज्यसभा सदस्य अशोक मित्तल को आवंटित किया गया था। इसमें वह तब से वहीं रह रहे हैं। केजरीवाल सिविल लाइंस स्थित आवास में 2015 से मुख्यमंत्री के तौर पर रह रहे थे। अभी सीएम आवास में मुख्यमंत्री आतिशी शिफ्ट हो गई हैं।

# खजुराहो-उदयपुर इंटरसिटी के एसी कोच में अचानक उठा धुंआ, यात्रियों में हड़कंप, ट्रेन से कूदकर भागे

**छतरपुर।** छतरपुर के खजुराहो से उदयपुर जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस में आग लगने से हड़कंप मच गया। यूपी के मऊरानीपुर स्टेशन पर शुक्रवार को खजुराहो से उदयपुर की ओर जाते समय खजुराहो एक्सप्रेस के एसी कोच एम-2 में धुआं उड़ता देख यात्रियों के बीच अफरा तफरी मच गई। बाद में कोच को खाली कराया गया और रेलवे अधिकारी जांच करने में जुट गए।करीब 40 मिनट के बाद ट्रेन को रवाना कर दिया गया। इस हादसे में कोई जन हानि नहीं हुई है। कुछ दिन पहले छतरपुर के ईशानगर स्टेशन पर खजुराहो एक्सप्रेस के सामान्य कोच में आग लगने की घटना सामने आई थी। जहां कुछ देर के लिए स्टेशन पर धुआं ही धुआं छा गया था।इंटरसिटी एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर-19665) शुक्रवार सुबह खजुराहो से उदयपुर के लिए रवाना हुई थी। ट्रेन करीब 45 मिनट की देरी से दोपहर 12.32 बजे जैसे ही मऊरानीपुर स्टेशन पहुंची, एम-2 कोच के एसी पैनल से धुआं निकलने से यात्री तुरंत सामान लेकर बाहर निकले। कोच के अंदर धुआं भर गया। कोच में रखे चादर, कंबल को बाहर निकाल लिया गया। फायर बिग्रेड की गाड़ी को भी बुला लिया गया। इससे पहले ही स्टाफ ने आग पर काबू पा लिया।एम-2 कोच में लगभग 14 यात्री बैठे थे। इन यात्रियों को एम-1 कोच में शिफ्ट कर दिया गया। झांसी के वीरांगना



लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की दोबारा से जांच की गई। इसके बाद ट्रेन में पीछे एक कोच लगाया गया। इसमें एम-2 के यात्रियों को शिफ्ट किया गया। ट्रेन को उदयपुर के लिए रवाना कर दिया गया।लोगों का कहना है कि सतर्कता के चलते बड़ी घटना होने से बच गई। रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि जिस कोच के एसी पैनल से धुआं उठा था, उसे पैक कर दिया गया। जिन कारणों की वजह से धुआं उठा, इसकी जांच की जा रही है। पूरे मामले की जांच के लिए डीआरएम ने एक कमेटी बनाई है, जो जांच करके रिपोर्ट प्रेषित करेगी।पश्चिम-मध्य रेलवे की महाप्रबंधक के साथ भोपाल रेल मंडल में आने वाले सांसदों की बैठक में यात्री सुविधाओं के मुद्दे उठे। भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने निशातपुरा रेलवे स्टेशन को जल्द शुरू करने की मांग उठाई। उन्होंने निशातपुरा से बांद्रा-टर्मिनस तक ट्रेन चलाने की बात कही। वहीं भोपाल से उदयपुर, रानी कमलापति से सूरत, भोपाल से लखनऊ और भोपाल से पुणे होते हुए बेंगलुरु के लिए नई ट्रेन शुरू करने का सुझाव दिया। भोपाल के होटल ताज लेक फ्रंट में आयोजित बैठक में महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने कहा कि वर्ष 2024 के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा पश्चिम मध्य रेलवे की 4870 करोड़ रुपये लागत की 17 महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है।

# अत्यधिक भीड़ भी नहीं बनेगी आस्था की डुबकी लगाने में रुकावट

**दुनिया के सबसे बड़े आयोजन व सनातन आस्था के केंद्र महाकुंभ 2025 को सभी के लिए सुगम बनाने हेतु योगी सरकार लगातार तत्परता से कार्य कर रही है। इस महाआयोजन के दौरान 40 करोड़ से अधिक लोगों के प्रयागराज आने का अनुमान है, जिसको लेकर मेला प्रशासन और जिला प्रशासन दोनों ने क्राउड मैनेजमेंट की तैयारी की है। खासतौर पर पीक डेज (प्रमुख स्नान) के दौरान अत्यधिक भीड़ के कारण कहीं कोई अव्यवस्था न हो, इसके लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। आने और जाने के अलग-अलग रास्ते निर्धारित किए गए हैं, जबकि मोबिलिटी जारी रहे इसकी भी व्यवस्था की गई है। रास्ता जाम न हो, इसके लिए भी विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। कुल मिलाकर जो योजना बनी है उसके अनुसार, श्रद्धालुओं को पीक डेज में एक से 5 किमी. और सामान्य दिनों में एक किमी. से ज्यादा पैदल यात्रा नहीं करनी होगी।**



### आने और जाने के अलग-अलग रास्ते

प्रयागराज के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने बताया कि इस सबसे बड़े धार्मिक आयोजन में सिर्फ प्रदेश और देश से ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया से श्रद्धालुओं का बड़ा जत्था प्रयागराज पहुंचने वाला है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। ऐसे में क्राउड मैनेजमेंट को लेकर एक कार्ययोजना बनाई गई है, जिसके अनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि महाकुंभ के दौरान सर्वाधिक श्रद्धालु सड़क मार्ग से प्रयागराज पहुंचेंगे। प्रशासन की ओर से सभी शहर के दिशाओं में पार्किंग की व्यवस्था की गई है, जहां वाहन खड़ा कर श्रद्धालु आगे का रास्ता तय करेंगे। मेला क्षेत्र में हमने आने और जाने के अलग-अलग रास्ते निर्धारित किए हैं। आस्था की डुबकी लगाने वाले जिस रास्ते से जाएंगे, उस रास्ते से वापस नहीं लौटेंगे। उन्हें दूसरे रास्ते से होकर जाना होगा, ताकि कहीं भी श्रद्धालु आमने-सामने नहीं आ सकेंगे।

### नहीं बनने दी जाएगी जाम की स्थिति

मंडलायुक्त ने बताया कि ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि श्रद्धालु कहीं एक साथ रुकें नहीं, वो चलते रहें। इससे कहीं भी जाम की स्थिति नहीं बनने दी जाएगी। हमारा उद्देश्य है कि मेला क्षेत्र के साथ-साथ शहर में भी श्रद्धालुओं की मोबिलिटी को बरकरार रखा जाए ताकि स्नान और दर्शन आदि करने के बाद वो सीधे पार्किंग स्थल पहुंचें और अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करें। इसी तरह, रेलवे से भी रिक्वेस्ट की गई है कि वो समय पर और अधिक स्पेशल ट्रेनें संचालित करें, ताकि श्रद्धालु अपना समय गंवाए बिना यात्रा को बरकरार रखे। रेलवे की ओर से पॉजिटिव रिस्पॉन्स भी मिला है और उन्होंने कई अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनें संचालित करने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि यदि श्रद्धालु कुछ देर विश्राम करना चाहेंगे तो उनके लिए कुछ होल्डिंग एरियाज भी चिह्नित किए गए हैं।

### राजसी स्नान के दिनों में लागू होगी ट्रैफिक स्कीम

महाकुंभ की शुरुआत के साथ ही प्रयागराज में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो जाएगा। प्रमुख स्नान के दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या कई करोड़ तक होगी। ऐसा अनुमान है कि मौनी अमावस्या को सर्वाधिक 4 से 5 करोड़ श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने के लिए संगमनगरी आ सकते हैं। इसकी भी तैयारी की गई है। विजय विश्वास पंत ने बताया कि पीक डेज में आने वाले श्रद्धालुओं को एक से 5 किमी. और सामान्य दिनों में एक किमी. से ज्यादा नहीं चलना पड़ेगा। मौनी अमावस्या सबसे डेंसिटी वाला दिन होने की संभावना है। इसमें भी सुबह 3 बजे से दोपहर 12 बजे का समय बहुत क्रिटिकल होगा, जब श्रद्धालु संगम का रुख करेंगे। वहीं 12 बजे के बाद उनका लौटना शुरू हो जाएगा। हमारी कोशिश उन्हें सुगमता से संगम क्षेत्र तक पहुंचाने और फिर पार्किंग स्थल तक वापस आने की सुविधा प्रदान करने की है। संगम में पवित्र डुबकी लगाने के बाद उन्हें तुरंत वापस भेजने की व्यवस्था की जाएगी, ताकि जाम की स्थिति न बने। हमारी विभिन्न ट्रैफिक स्कीम तैयार है, जिससे न ही श्रद्धालुओं को अव्यवस्था का सामना करना पड़ेगा और न ही मेला और शहर क्षेत्र में ट्रैफिक पैनिक की स्थिति होगी।

### इंदौर की बायो फ्रेंडली थैलियों का होगा उपयोग

मंडलायुक्त ने बताया कि इस महाकुंभ को स्वच्छ कुंभ बनाने के मुख्यमंत्री जी के संकल्प को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। प्रयास है कि पूरे मेला क्षेत्र में किसी भी तरह की प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया जाएगा। रिप्लेसमेंट ऑप्शन पर विचार किया जा रहा है। इंदौर की बायो फ्रेंडली थैलियों का इस्तेमाल किया जाएगा। इसको लेकर हम व्यापारियों से भी संवाद करने वाले हैं। साथ ही लोगों और अधिकारियों को प्लास्टिक की बजाए विभिन्न प्रकार के झोलों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## मॉर्निंग अलार्म से उठना है खतरनाक, बढ़ सकती है बीपी, स्ट्रोक-हार्ट अटैक का खतरा



क्या सुबह सही टाइम पर उठने के लिए आप भी अलार्म लगाकर सोते हैं. हर 5 मिनट पर आपका मॉर्निंग अलार्म बजता है. अगर ऐसा है तो सावधान हो जाइए, क्योंकि इससे हाई ब्लड प्रेशर का खतरा है. इससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का भी जोखिम है.

स्लीप एक्सपर्ट्स के मुताबिक, सुबह अलार्म सेट करना सेहत के लिए कई परेशानियां खड़ी कर सकता है. इससे दिनभर सुस्ती छाई रहती है और थकान महसूस हो सकता है. सुबह का अलार्म दिमाग पर भी बुरा असर डालता है और इससे मेंटल हेल्थ प्रभावित हो सकती है. नींद डिस्टर्ब होने के कारण भी कई तरह के खतरे पैदा हो सकते हैं.

अलार्म से उठना बना सकता है ब्लड प्रेशर का मरीज

ताजा रिसर्च में पाया गया है कि सुबह अलार्म की आवाज से उठने वालों को ब्लड प्रेशर का खतरा ज्यादा होता है. इससे स्ट्रोक और हार्ट की बीमारियां भी हो सकती हैं. रिसर्च के मुताबिक, अलार्म लगाकर उठने वालों में हाई बीपी का रिस्क 74 प्रतिशत तक ज्यादा होता है.

यह रिसर्च 32 लोगों पर किया गया. इस दौरान पार्टिसिपेंट्स को स्मार्टवॉच के साथ फिंगर ब्लड प्रेशर कफ पहनाए गए थे. उन्हें कुछ दिनों तक बिना अलार्म उठने और कुछ दिनों में 5 घंटे की नींद के बाद अलार्म से उठने को कहा गया. रिसर्च में पाया गया कि अलार्म क्लॉक की आवाज से जबरदस्ती उठने वालों में ब्लड प्रेशर काफी ज्यादा था.

अलार्म और हाई ब्लड प्रेशर का क्या है कनेक्शन

रिसर्च में पाया कि अगर किसी सोते हुए इंसान को जबरदस्ती उठाया जाए तो उसका ब्लड प्रेशर बढ़ता है. अलार्म क्लॉक भी ऐसा ही करता है, क्योंकि इसकी आवाज सुनकर लोग जागने की कोशिश करते हैं. दरअसल, अलार्म बजने पर शरीर जो प्रतिक्रिया करता है, उससे बीपी बढ़ती है, जो सुबह-सुबह स्ट्रोक और हार्ट अटैक का खतरा बढ़ाता है.

हाई बीपी से होने वाली समस्याएं

कम घंटे की नींद यानी अनिद्रा

दिमाग पर तनाव बढ़ता है, स्ट्रेस होना

थकान, सांस लेने में तकलीफ

गर्दन में अकड़न, नाक से खून आना

सिरदर्द

क्या करें, क्या नहीं

इस रिसर्च में ये भी पाया गया है कि अगर आप सुबह-सुबह किसी अच्छी आवाज को सुनकर उठते हैं तो वह आपको हेल्दी बनाता है. रिसर्च बताता है कि बिना अलार्म के उठना सेहत के लिए फायदेमंद हो सकता है. हर किसी को ऐसी ही आदत डालनी चाहिए.

## बॉक्स ऑफिस पर आलिया भट्ट की फिल्म जिगरा की हालत पस्त, 12वें दिन जुटाए इतने रुपये



आलिया भट्ट की फिल्म जिगरा से दर्शकों को बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन यह दर्शकों की कसौटी पर खरी नहीं उतरीं। यही वजह है कि पहले ही दिन से फिल्म टिकट खिड़की पर संघर्ष कर रही हैं।पिछले कुछ दिनों से इस फिल्म की दैनिक कमाई में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है, जो लाखों में सिमट गई है।अब जिगरा की कमाई के 12वें दिन का आंकड़े सामने आ गए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, जिगरा ने अपनी रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे मंगलवार को 60 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 28.40 करोड़ रुपये हो गया है।इस फिल्म में आलिया न सिर्फ अभिनय कर रही हैं, बल्कि वह फिल्म की सह-निर्माता भी हैं। उन्होंने जाने-माने निर्देशक और निर्माता करण जौहर के साथ मिलकर इस फिल्म का निर्माण किया है।फिल्म के निर्देशन की कमान वासन बाला ने संभाली है। एक्शन से भरपूर फिल्म जिगरा में आलिया के साथ अभिनेता वेदांग रैना मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं। उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हो रही है।

## चाय और कॉफी पीने से हार्ट अटैक का खतरा होता है कम, रिसर्च में हुआ बड़ा खुलासा



चाय-कॉफी को लेकर कई सारे मिथक सामने आते हैं, जिसमें कई लोगों का मानना यह होता है कि चाय कॉफी का सेवन करने से सेहत पर बुरे प्रभाव पड़ते हैं, इसलिए इसका सेवन नहीं करना चाहिए. लेकिन हाल ही में हुई एक रिसर्च में इस बात का खुलासा हुआ है कि अगर नियमित मात्रा में सही तरीके से चाय और कॉफीका सेवन किया जाए, तो इससे सेहत पर पॉजिटिव इफेक्ट भी पड़ते हैं और इतना ही नहीं इससे हार्ट अटैक का खतरा भी कम होता है. तो चलिए हम आपको बताते हैं कि हार्ट हेल्थ को दुरुस्त रखने के लिए आपको किस तरह से चाय या कॉफी का सेवन करना चाहिए.

हार्ट अटैक के खतरे को कम करें चाय कॉफी

हाल ही में हुई एक रिसर्च के अनुसार, जो लोग नियमित रूप से निर्धारित मात्रा में चाय या कॉफी का सेवन करते हैं, उनमें हार्ट अटैक का खतरा कम हो सकता है. दरअसल, कॉफी में मौजूद कैफीन और अन्य नेचुरल यौगिक दिल की धमनियों में सुधार कर सकते हैं और कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करते हैं. इससे ब्लड फ्लो भी बेहतर होता है और हार्ट अटैक का खतरा कम हो सकता है.

दूसरी और चाय में फ्लेवोनॉयड्स और पॉलीफेनोल्स जैसे एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो सूजन को कम करते हैं और हार्ट हेल्थ को बढ़ावा देते हैं. यह हार्ट अटैक के खतरे को कम करने में भी मदद कर सकते हैं.

चाय और कॉफी अगर लिमिटेड मात्रा में पी जाए, तो यह दिल के लिए फायदेमंद हो सकती है, लेकिन अगर ज्यादा मात्रा में इसका सेवन किया जाए तो इसका नेगेटिव असर भी बॉडी पर पड़ता है. आप दिन में 1 से 2 या 3 कप चाय या कॉफी का सेवन कर सकते हैं. कोशिश करें कि बिना चीनी वाली चाय कॉफी पिएं या ब्लैक टी ब्लैक कॉफी का सेवन करें.

रिसर्च में यह भी कहा गया है कि केवल चाय या कॉफी का सेवन करने से ही हार्ट अटैक से नहीं बचा जा सकता है, इसके साथ हेल्दी डाइट, एक्सरसाइज और स्ट्रेस मैनेजमेंट भी बहुत जरूरी है.

## 12वें दिन भी कमाए करोड़ रुपये

राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 12 दिन पूरे हो गए हैं और यह फिल्म पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों के लिए तरसती नजर आ रही हैं।हर गुजरते दिन के साथ इस फिल्म का दैनिक कमाई लगातार घटती जा रही है।आइए जानते हैं विक्की विद्या का वो वाला वीडियो ने रिलीज के 12वें दिन कितने करोड़ रुपये का कारोबार किया। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, विक्की विद्या का वो वाला वीडियो ने अपनी रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे मंगलवार को 1.10 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इस फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 35.50 करोड़ रुपये हो गया है।फिल्म का निर्देशन राज शांडिल्य ने किया है। फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है, वहीं भूषण कुमार इस फिल्म के निर्माता हैं।फिल्म को 30 करोड़ रुपये की लागत में बनाया गया है।

विक्की विद्या का वो वाला वीडियो की कहानी विक्की (राजकुमार) और विद्या (तृप्ति ) पर आधारित है, जो अपनी शादी के बाद पहली रात को यादगार बनाने के लिए वीडियो बनाते हैं, लेकिन वह वीडियो खो जाता है और विक्की, विद्या से सच छिपाता है।

## भोजपुरी स्टार मोनालिसा ने स्विमसूट पहन स्विमिंग पूल में लगाई आग, एक्ट्रेस की हॉटनेस ने बढ़ाया तापमान



भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपनी बोल्ड और हॉट फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। उनकी इन फोटोज को देखकर फैंस उनकी तारीफ करते हुए नहीं थक रहे हैं। मोनालिसा अक्सर अपनी बोल्ड अदाओं से सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरती रहती हैं. हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उनकी हॉटनेस ने फैंस का दिल जीत लिया है. मोनालिसा ने ब्लू प्रिंटेड स्विमसूट पहनकर स्विमिंग पूल के किनारे बैठकर पोज दिए, जिसमें उनका ग्लैमरस अंदाज देखते ही बन रहा है.खुले बाल और स्विमिंग पूल के किनारे बैठी मोनालिसा की तस्वीरों ने सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है. भोजपुरी इंडस्ट्री से टीवी तक का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस मोनालिसा इन दिनों काफी पॉपुलर हो चुकी हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही छा जाता है। बताते चलें कि एक्ट्रेस मोनालिसा जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक लुक को देखकर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। मोनालिसा सोशल मीडिया लवर हैं और एक्ट्रेस इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं। वहीं, सोशल मीडिया पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी तगड़ी है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस का कॉन्फिडेंस और स्टाइल दोनों ही काबिले तारीफ है. जैसे ही मोनालिसा ने ये तस्वीरें पोस्ट कीं, फैंस की ओर से लाइक्स और कमेंट्स की बाढ़ आ गई.

## शब्द सामर्थ्य -217

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंग, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 216 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | | सिं | हा | स | न | |
| ख | | म | ज | दू | र | | का | म |
| वा | द | क | | र | | सं | ब | ल |
| ड़ | | ल | ज्जा | | म | स्का | | य |
| | खा | | | खि | हा | र | | |
| सु | धा | क | र | | न | | | औ |
| रं | | म | | कि | ता | ब | | स |
| ग | | अ | र | सा | | हु | ज्जा | त |
| | श | क्ल | | न | मि | त | | न |

## एक्टिंग में ही नहीं बेहतरीन आवाज में भी माहिर है टीवी की देसी गर्ल समृद्धि शुक्ला

टीवी जगत में कई एक्ट्रेस ऐसी भी है जो सिर्फ अपनी दमदार एक्टिंग ही नहीं बल्कि अपने स्पेशल टैलेंटेड के लिए भी लोगों के बीच मशहूर हैं। उन्हीं में से एक हैं टीवी की देसी गर्ल के नाम से फेमस समृद्धि शुक्ला, जिन्हें अपनी बेहतरीन आवाज के चलते जबरदस्त नेम फेम मिला है। समृद्धि शुक्ला भारतीय टेलीविजन अभिनेत्री ही नहीं बल्कि वॉयस ओवर आर्टिस्ट भी हैं। उन्होंने ब्रह्मास्त्र फिल्म के ओटीटी वर्जन के लिए आलिया भट्ट के लिए अपनी आवाज दी थी। इतना ही नहीं वह रणबीर कपूर की सुपरहिट फिल्म एनिमल के लिए भी काम कर चुकी हैं। टीवी एक्ट्रेस समृद्धि शुक्ला इन दिनों ये रिश्ता क्या कहलाता है की अभिरा बन दर्शकों के बीच छाई हुई हैं।

टीवी एक्ट्रेस बनाने के पहले समृद्धि शुक्ला एक पॉपुलर वॉयस ओवर आर्टिस्ट बन इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बना चुकी हैं। वहीं इन दिनों अपनी वह अपनी शानदार एक्टिंग के लिए लाइमलाइट में बनी हुई हैं। रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल के इंग्लिश वर्जन में तृप्ति डिमरी को जिसने अपनी आवाज दी है वह कोई और नहीं बल्कि समृद्धि शुक्ला ही हैं। दरअसल, ओटीटी पर मौजूद एनिमल के इंग्लिश वर्जन में तृप्ति डिमरी को समृद्धि शुक्ला ने अपनी आवाज दी



है। इस बात का खुलासा एक्ट्रेस ने खुद किया था। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट शेयर करते हुए बताया था, नेटफ्लिक्स पर एनिमल के इंग्लिश वर्जन में मेरी आवाज सुनाने के लिए हो जाए तैयार, भाभी 2 तृप्ति डिमरी के किरदार में पेश है समृद्धि की आवाज...

एक्ट्रेस समृद्धि शुक्ला को उनके फैंस उन्हें टीवी की देसी गर्ल भी कहते हैं क्योंकि वह अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी देसी फोटोज और वीडियोज भी शेयर करती हैं। वह सोनल कौशल के बाद डोरेमोन में अपनी डोरेमोन और लिटिल भीम को आवाज देने के लिए भी जानी जाती हैं। वह सावी की सवारी में सावी गोयल डालमिया और ये रिश्ता क्या कहलाता है में एडवोकेट अभिरा शर्मा पोद्दार की भूमिका निभाने के लिए भी मशहूर हैं। एक्ट्रेस अपनी एक्टिंग से पहले आवाज का भी जादू दिखा चुकी हैं। वहीं सोशल मीडिया पर अनीता राज भी समृद्धि शुक्ला कई आए दिन तारीफ करती रहती हैं जो खुद फिल्मों के बाद अब टीवी एक्ट्रेस बन छाई हुई हैं।

## विक्रांत मैसी की द साबरमती रिपोर्ट को मिली नई रिलीज तारीख

विक्रांत मैसी इन दिनों अपनी फिल्म सेक्टर 36 की वजह से चर्चा में हैं। हाल ही में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई इस फिल्म में उनके किरदार ने लोगों को हैरान करके रख दिया है। इस फिल्म के बाद वह जल्द ही द साबरमती रिपोर्ट नाम की फिल्म में नजर आने वाले हैं। हाल ही में इस फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। कई बार स्थिगित होने के बाद अब आखिरकार द साबरमती रिपोर्ट को नई रिलीज डेट मिल गई है। गुरुवार को विक्रांत ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म का एक नया पोस्टर जारी करते हुए रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठा दिया।

## बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

# बाल विवाह पर सख्ती, नशे के खिलाफ जागरूकता जरूरी : डॉ आशुतोष चतुर्वेदी

कोरिया । जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आज जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बच्चों के संरक्षण और उनके पुनर्वास, बाल विवाह, नशा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

आज हुई जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक में एजेंडेवार चर्चा की गई। बाल गृह (बालक) में निवासरत 15 बच्चों को पांच श्रेणियों में विभाजित किया गया है, जिसमें अनाथ, परित्यक्त और अनफिट गार्जियन के तहत बच्चों के दत्तक ग्रहण के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही, सड़क जैसी परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों की पहचान के लिए एक व्यापक सर्वेक्षण और रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें अब तक 19 बच्चों को बचाया गया है।




बैठक में बाल विवाह, बाल श्रम और नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान पर भी चर्चा की गई। डॉ चतुर्वेदी ने सम्बंधित अधिकारियों से कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है, इसे रोकने के लिए सम्बंधित विभाग व प्रशासन हर सम्भव प्रयास कर रही है साथ ही गांवों व सामाजिक स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत बताया। बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के लिए विभाग द्वारा व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाए जाने की दिशा में आवश्यक निर्देश जारी किए गए।

उन्होंने नशे के खिलाफ प्राथमिक स्तर पर आंगनवाड़ी केन्द्र, स्कूल व कॉलेजों में अभियान चलाने को कहा। उन्होंने कहा नशा स्वयं, परिवार व समाज के लिए घातक है, बुराई है। उन्होंने शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि स्कूल व सार्वजनिक स्थानों में गुटका, तम्बाकू, बीड़ी, सिगरेट का विक्रय न हो तथा ऐसे करते पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही करें। पोस्टर, पम्पलेट व अन्य प्रचार माध्यमों से नशे के खिलाफ जनजागरण करने को कहा गया।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने जानकारी दी कि किशोर न्याय बोर्ड में सामाजिक कार्यकर्ताओं की रिक्तियों के कारण गंभीर और जघन्य अपराधों से जुड़े मामलों के लंबित। वर्तमान में बोर्ड के समक्ष 295 से अधिक प्रकरण लंबित हैं, जिनके जल्द निस्तारण के लिए कदम उठाने की योजना बनाई गई है। डॉ चतुर्वेदी ने इसे संज्ञान में लेते हुए एक पत्र भेजने की सहमति दी।बैठक के दौरान विशेष रूप से पॉक्सो पीड़ित बच्चों के उपचार और पुनर्वास पर जोर दिया गया। सखी वन स्टॉप सेंटर के बारे में भी विशेष चर्चा की गई । सेंटर में मानसिक रूप से पीड़ित व विक्षिप्त को रखने के लिए उचित वातावरण व साफ-सुथरा कमरा में रखने के निर्देश दिए।बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्रीमती अमृता दिनेश मिश्रा सहित महिला एवं बाल विकास, पुलिस, श्रम, शिक्षा, खेल, समाज कल्याण, कौशल विकास आदि विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर की नई तिथियां घोषित

कोरिया । जिला प्रशासन ने तहसील बचरा पोड़ी के पोड़ी और सोनहत में आयोजित होने वाले जनसमस्या निवारण शिविरों की नई तिथियां घोषित कर दी हैं। पूर्व निर्धारित तिथियों को अपरिहार्य कारणों के चलते स्थगित कर दिया गया था। अब पोड़ी में यह शिविर 13 नवंबर को और सोनहत में 6 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। जनसमस्या निवारण शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना और जनहित के मुद्दों पर तत्परता से कार्यवाही करना है। इन शिविरों में जिला प्रशासन के अधिकारी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। शिविर के दौरान नागरिक अपनी शिकायतें दर्ज करवा सकेंगे और तुरंत आवश्यक सहायता प्राप्त कर सकेंगे।प्रशासन ने आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याएं प्रस्तुत करने का आग्रह किया है, ताकि समय पर उनके निवारण के प्रयास किए जा सकें।

## कोरिया जिले में उपार्जन केंद्रों की बफर लिमिट का पुन: निर्धारण

कोरिया। जिले में धान उपार्जन प्रक्रिया को अधिक सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाने के लिए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन में एक विशेष संयुक्त दल का गठन किया गया है। इस दल का मुख्य उद्देश्य जिले के सभी 21 धान उपार्जन केंद्रों की भौतिक निरीक्षण कर उनकी वास्तविक भंडारण क्षमता के अनुसार बफर लिमिट का पुन: निर्धारण करना है।इस दल में अपर कलेक्टर एवं जिला खाद्य अधिकारीअरुण कुमार मरकाम के अलावा सहायक पंजीयक, विजय सिंह उइके, जिला विपणन अधिकारी, श्रीमती प्रीति भारद्वाज, नोडल अधिकारी श्री गिरजा शंकर साहू होंगे। दल को निर्देश दिया गया है कि वे सभी उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर उनकी वास्तविक भंडारण क्षमता के आधार पर उपार्जन केंद्रों की बफर लिमिट निर्धारण के लिए अपनी सिफारिशों सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस निर्णय से जिले के उपार्जन केंद्रों की भंडारण व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ और पारदर्शी बनाने में मदद मिलेगी, जिससे किसानों को अपनी फसल बेचने में सुविधा होगी और उपार्जन प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी।बता 14 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होगी।कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी इस सम्बंध में सम्बंधित अधिकारियों से लगातार बैठक लेकर धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा करने के साथ शासन के दिशा-निर्देश से सम्बंधित विभागों को अवगत कराया जा रहा है।

## प्रशांत कुमार ठाकुर भा.पु.से. ने पुलिस अधीक्षक सूरजपुर का किया पदभार ग्रहण



**सूरजपुर।** जिले के नव नियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत कुमार ठाकुर (भा.पु.से.) ने शुक्रवार, 25 अक्टूबर 2024 को विधिवत पुलिस अधीक्षक सूरजपुर का पदभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त नवपदस्थ एसएसपी सूरजपुर श्री ठाकुर ने जिले के राजपत्रित अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर उनके अधिनस्थ थाना-चौकियों की जानकारी लेते हुए क्षेत्र की गतिविधियों से अवगत हुए।

श्री प्रशांत कुमार ठाकुर वर्ष 1996 बैच के राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी है और वर्ष 2011 में आईपीएस अवार्ड हुए। इसके पूर्व वे पुलिस अधीक्षक दुर्ग, बलौदाबाजार, बेमेतरा, जशपुर, धमतरी एवं सेनानी 5वीं वाहिनी छसबल जगदलपुर के पद पर पदस्थ रहे है। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, सीएसपी एस.एस.पैंकरा, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर, डीएसपी रितेश चौधरी, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, स्टेनो अखिलेश सिंह सहित जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# ग्रामीणों को हुनरमंद बनाकर स्वरोजगार के लिए तैयार कर रहा प्रोजेक्ट उन्नति

## अलग अलग ट्रेडों में प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ रहे श्रमिक

बैकुण्ठपुर । मांग के आधार पर अकुशल श्रम के लिए पहचान रखने वाले मनरेगा योजना में अब आजीविका से स्वरोजगार की ओर आगे बढ़ने की तैयारी तेजी से पूरी की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन में महात्मा गांधी नरेगा के प्रोजेक्ट उन्नति में नियमित प्रशिक्षण सत्र चलाए जा रहे है। इसके अंतर्गत सैकड़ों मेहनतकश हाथों को अब हुनरमंद बनाने का काम तेजी से किया जा रहा है। इससे ग्रामीणों के बीच अब कम से कम एक कार्य को अच्छी तरह से सीखने और फिर उससे स्वरोजगार के रूप में अपने साथ जोड़ने की ललक बढ़ी है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में निरंतर सौ दिन का कार्य करने वाले परिवारों में से युवाओं को लेकर उन्हे स्वरोजगार के लिए आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के लिए चयनित युवा अलग-अलग विषयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं और उन्हे उस स्वरोजगार से जुड़ी प्रत्येक बात विस्तार से प्रयोग के साथ समझाई जा रही हैं। महात्मा गांधी नरेगा योजना अब केवल मजदूरी के लिए बल्कि मजदूरी करने वालों के लिए स्वरोजगार के अवसर भी प्रदान करने के लिए जानी जा रही है।प्रोजेक्ट उन्नति के कोरिया जिले में क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन



अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि मनरेगा के तहत सौ दिन का अकुशल श्रम पूरा करने वाले परिवार के युवाओं को इसके लिए चयनित किया जाता है। श्रमिकों की सहमति व उसके इच्छा के अनुसार उसे पशुपालन, बकरी पालन, खेती, मशरूम उत्पादन, मुर्गी पालन, मत्स्य पालन, घरेलू उत्पाद निर्माण जैसे कुल 30 अलग अलग विषय हैं जिनमें स्वरोजगार के लिए युवा श्रमिकों को प्रशिक्षण प्रदान किए जा रहे हैं। कोरिया जिले में कलेक्टर कोरिया श्रीमती त्रिपाठी के निर्देशानुसार अब तक महिलाओं को अचार,पापड़, मसाले तैयार करने का प्रशिक्षण, युवाओं को बकरी पालन के प्रशिक्षण सत्र और उन्नत तरीके से खेती व सब्जी का उत्पादन करने के विषयों पर आरसेटी के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया है। इन चार विषयों पर अब तक लगभग दो सौ अकुशल श्रमिकों को ट्रेनिंग प्रदान की गई है। अगस्त माह से लेकर अब तक प्रशिक्षण के चार सत्र आयोजित किए जा चुके हैं और दस दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण के दौरान इन्हे नियमानुसार मानदेय, आवास और भोजन की भी व्यवस्थाएं प्रदान की जाती हैं। जैसे जैसे युवाओं को प्रशिक्षण प्राप्त हो रहा है वह स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए सक्षम हो रहे हैं। उन्हे मुद्रा लोन से जोड़कर उनके स्वरोजगार करने की दिशा तय करने पर भी कार्य किया जा रहा है।

# चक्रवाती तूफान के असर से छत्तीसगढ़ में चल रही तेज हवाएं, कुछ इलाकों में बारिश के आसार

रायपुर । चक्रवाती तूफान दाना का असर ओडिशा के तटीय इलाकों पर व्यापक रूप से दिखा है, लेकिन छत्तीसगढ़ में इसके प्रभाव की तीव्रता काफी कम रही। तूफान के प्रभाव से प्रदेश में हवा की गति बढ़कर 15 किमी प्रति घंटे तक पहुंच गई। कुछ स्थानों पर बादल छाए रहने से हल्की ठंड का अहसास हुआ, लेकिन व्यापक असर नहीं देखा गया।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार, आगामी 24 घंटे में छत्तीसगढ़ के मध्य क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। साथ ही, कुछ इलाकों में गरज-चमक के साथ वज्रपात भी हो सकता है। फिलहाल, तूफान दाना उत्तर-पश्चिम दिशा में बढ़ते हुए कमजोर पड़ गया है और उत्तरी तटीय ओडिशा के ऊपर एक गहरे अवदाब क्षेत्र के रूप में केंद्रित हो गया है। इस समय हवा की अधिकतम गति 40-50 किलोमीटर प्रति घंटा रह सकती है।

छत्तीसगढ़ के उत्तरी इलाके में अच्छी बारिश की संभावना ओडिशा से सटे छत्तीसगढ़ के उत्तरी जिलों में इस तूफान के कारण रात के समय अच्छी बारिश की संभावना है, जबकि हवा की गति भी यहां 25 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। रविवार से हवा की गति में धीरे-धीरे




कमी आकर यह 10-15 किलोमीटर प्रति घंटा हो सकती है। सरगुजा और बिलासपुर संभाग के पूर्वी जिलों में हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है।

**मौसम बदलने से तापमान में गिरावट**

तूफान दाना के प्रभाव के चलते प्रदेश में मौसम में बदलाव दिखने लगा है, जिससे हल्की ठंड का अनुभव हो रहा है। बीते दो दिनों से न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम रिकॉर्ड किया जा रहा है। शुक्रवार को प्रदेश में सर्वाधिक तापमान 32.5 डिग्री दंतेवाड़ा में और न्यूनतम तापमान 17.4 डिग्री अंबिकापुर में दर्ज किया गया।

**रायपुर में बारिश की संभावना**

राजधानी रायपुर में शुक्रवार को पूरे दिन आकाश में बादल छाए रह सकते हैं। मौसम विभाग का कहना है कि शाम को गरज-चमक के साथ हल्की बौछारें पड़ सकती हैं। रायपुर में अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है। तूफान दाना के गुजर जाने के बाद अगले कुछ दिनों में छत्तीसगढ़ में मौसम सामान्य होने की उम्मीद है।

# हमें हर हाल में नशे से दूर रहना है : कलेक्टर त्रिपाठी

कोरिया । कलेक्टर चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार जिला समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत मान्यता प्राप्त अशासकीय संस्था ग्राम विकास समिति द्वारा संचालित नशा मुक्ति केंद्र का आज शुभारंभ किया गया। इस केंद्र का उद्घाटन जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी द्वारा किया गया।

केंद्र में नशा पीड़ितों के लिए नि:शुल्क उपचार, पुनर्वास और काउंसलिंग सेवाएं प्रदान की जाएंगी। वर्तमान में केंद्र में 15 बिस्तरों की आवासीय सुविधा उपलब्ध है, जहां पीड़ितों को समुचित देखभाल और आवश्यक चिकित्सीय सहायता दी जाएगी। इस पहल से जिले में नशे की समस्या से जूझ रहे लोगों को बेहतर सहायता मिलने की उम्मीद है।

कलेक्टर त्रिपाठी ने जिलेवासियों, खासकर युवाओं से अपील करते हुए कहा कि नशा, नाश का कारण बन चुका है। ऐसे में सबकी जिम्मेदारी है कि नशे से दूर रहें। उन्होंने नशे के कारण होने वाले हादसे, दुर्घटना व लड़ाई-झगड़ा पर चिन्ता व्यक्त



करते हुए कहा कि हमें हर हाल में नशे से दूर रहना है। नशा सिर्फ आर्थिक नहीं बल्कि तन, मन व समाज के लिए भी नुकसानदायी है। नशे से छुटकारा के लिए सकारात्मक विचार अपनाने, योगाभ्यास, व्यायाम करने, विशेषज्ञ से सलाह लेने, काम में मन लगाने, अच्छी पुस्तकें पढ़ने व अच्छी आदतें को अपनाने की जरूरत है।

डॉ. चतुर्वेदी ने कहा नशा स्वयं, परिवार व समाज के लिए घातक है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज निर्माण में सबकी भागीदारी आवश्यक है। शुभारंभ के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, उपसंचालक समाज कल्याण सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# अनोखे पटाखों के बीच मनेगी दीपावली, सोशल मीडिया पर वायरल हैंड स्काई शॉट भी मिलेगा

रायपुर। रायपुर में पटाखों का बाजार सज चुका है। इस बार दिवाली के लिए कई नए तरह के पटाखे बाजार में आए हैं। ब्रांडेड बीयर केन में अनार और ड्रोन पटाखे भी हैं। सोशल मीडिया के रील्स में अक्सर दिखने वाले चाइनीज हैंड स्काई शॉट भी मिल रहे हैं। प्रशासन ने इन पटाखा दुकानों में किसी भी तरह की घटना से बचने के लिए दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं।

राजधानी के लाखे नगर स्थित ईदगाह भाठा में लगे पटाखा मार्केट के दुकानदार सन्नी संतवाणी ने बताया कि, इस बार ब्रांडेड बियर केन वाले अनारदाने आए है। इसमें ऊपर ओरिजिनल बियर केन की तरह टीन की चादर है। जिसे खोलते ही पटाखे की बत्ती बाहर आएगी। यह करीब 1 मिनट तक जलेगा। जिसमें स्टार और अलग-अलग रंगों की रोशनी बिखेरेगा। एक अनारदाने की कीमत 300 रुपए है।प्रशासन इन फटाखा दुकानों में किसी भी तरह घटनाओं से बचने के लिए गाइडलाइन भी जारी की है।प्रशासन इन फटाखा दुकानों में किसी भी तरह घटनाओं से बचने के लिए गाइडलाइन भी जारी की है।288 और 388 हैंड स्काई शॉट्स

सोशल मीडिया पर अक्सर लड़के हाथ में स्काई शॉट पकड़कर रील्स बनाते हुए नजर आते हैं। हाथ में पकड़कर फोड़ने वाले 288 और 388 शॉट्स मार्केट में आए हैं। इसको रोशनी वाली लाइट की तरह पकड़कर जलाना होगा। इसमें कंटीन्यू 288 और 388 बार शॉट्स निकलेंगे। दुकानदार ने बताया कि, इसमें किसी भी प्रकार का कोई खतरा नहीं है।

बाजार में यह पटाखे भीलुक अप ड्रोन- तेज आवाज के साथ जलने वाला यह पटाखा ड्रोन की तरह आसमान में उड़ेगा। फिर वहां से वह रोशनी बिखेरेगा। इसकी कीमत 150 रुपए है।वॉलकेनो पटाखा- इसे जलाने में यह जमीन से आसमान की तरफ एक टाइम में तीन बार फायर



होगा। जो अलग-अलग दिशाओं में होगा। यह टोटल 7 राउंड फायर करेगा। इसकी कीमत 3800 रुपए है।फायर एग- इस पटाखे में मुर्गे का फोटो बना हुआ है। इसे जलाते ही पीछे की तरफ से बड़ा बैलून बाहर आएगा, फिर यह आगे की ओर बढ़ेगा। इसकी कीमत 150 रुपए है।हाई रेंज स्काई शॉट- यह 1400 का सिंगल स्काई शॉट है। जिसमें 5 इंच का शेल डला हुआ है। यह काफी दूरी तक आसमान में जाकर जमीन पर रोशनी बिखेरता है।लेजर शो- इसमें इलेक्ट्रिक लेजर की तरह लंबी दूरी तक तेज रोशनी निकलेगी।इसकी कीमत 150 रुपए है।यह काफी दूरी तक आसमान में जाकर जमीन में रोशनी बिखेर देगा।यह काफी दूरी तक आसमान में जाकर जमीन में रोशनी बिखेर देगा।पटाखा दुकानों को लेकर गाइडलाइन भी जारी

रायपुर नगर निगम ने लाखे नगर स्थित ईदगाह भाटा में करीब 100 फटाखा दुकानें आवंटित की है। इन दुकानों के लिए निगम की ओर से कई निर्देश भी दिए गए हैं। यहां जिले का सबसे बड़ा पटाखा मार्केट लगाया जाता है। लोग पटाखे की खरीदारी करने पहुंचते हैं।इस बार पटाखों की करीब 50 स्टॉल्स लगी हैं। जिनमें कई वैराइटी के पटाखे उपलब्ध है।

नगर निगम स्टॉल के लिए जगह उपलब्ध कराता है, फिर लॉटरी सिस्टम से स्टॉल्स आवंटित की जाती है।फटाखा दुकानों के लिए निगम की ओर से कई निर्देश भी दिए गए हैं।फटाखा दुकानों के लिए निगम की ओर से कई निर्देश भी दिए गए हैं।50 मीटर के भीतर आतिशबाजी पर मनाहीखतरे को देखते हुए यहां हर दुकानदार के लिए अग्निशमन यंत्र लगाना अनिवार्य है। इसके अलावा पानी भरने के लिए 200 लीटर क्षमता के ड्रम की व्यवस्था भी करनी होगी। दुकान टीन के चादरों की बनेगी। साथ ही नगर निगम की तरफ से यहां फायर ब्रिगेड उपलब्ध रहती है। आसपास 50 मीटर के दायरे में कोई आतिशबाजी न करे, इसका ध्यान रखने के लिए दिन-रात पुलिस जवान तैनात रहते हैं।पटाखों में धुआं नहीं होता और न ही 2.5 ही निकलता है। पटाखों में धुआं नहीं होता और न ही 2.5 ही निकलता है।-क्रैकर्स और ग्रीन पटाखों के बारे में पढ़िएधनतेरस, दिवाली और छठ। फिर शादियों का सिलसिला। त्योहारों के अलग-अलग रंग होंगे तो जाहिर है, इस मौके पर आप अपने परिवार, दोस्तों और पड़ोसियों के साथ खुशी बांटने का कोई मौका नहीं छोड़ना चाहेंगे। ऐसे में पटाखे भी जरूर छोड़े जाएंगे। बाजार में पॉल्यूशन और आवाज को कंट्रोल करने के लिए श्व-क्रैकर्स और ग्रीन पटाखे भी है।क्रैकर्स रिमोट के जरिए छोड़े जाने वाले क्रैकर्स हैं। यानी रिमोट का बटन दबाया और पटाखे जल उठेंगे। भारत में -लड़ी, -अनार, -स्पार्कल पटाखे तैयार किए गए हैं। जिस तरह सामान्य पटाखे या ग्रीन पटाखे हैं वैसे ही ये पटाखे भी साउंड करते हैं, रंग-बिरंगी रोशनी बिखेरते।पटाखों में धुआं नहीं होता और न ही2.5 ही निकलता है। इन पटाखों को काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च और नेशनल एन्वॉयरमेंटल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट ने मिलकर तैयार किया है।

## 8 उचित मूल्य दुकानें निरस्त, पुन: आबंटन के लिए आवेदन 11 नवम्बर तक

कोरिया । अनियमितता की वजह से जिला प्रशासन ने 8 उचित मूल्य दुकान को निरस्त कर दिया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैकुण्ठपुर द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान ग्राम पंचायत बड़ेकलुआ (आईडी क्रमांक 532004034) भरदा (आईडी क्रमांक 532004029), गणेशपुर (आईडी 532004080), बारी (आईडी 532004032), इंदरपुर (आईडी 532004023), खँधौरा (आईडी 532004070), बड़ेसाल्ही (आईडी 532004050) एवं गढ़तर (आईडी 532004005) का पूर्व में आवंटित एजेंसियों द्वारा अनियमितता किये जाने या संचालन में असमर्थता व्यक्त करने के कारण निरस्त किया गया है। उक्त 8 शासकीय उचित मूल्य दुकानों के आवंटन हेतु आदिम जाति सहकारी समिति/बहुउद्देशीय सहकारी समिति/ महिला स्व सहायता समूह/वन सुरक्षा समिति/ ग्राम पंचायत एवं अन्य समितियों से 11 नवम्बर तक कार्यालयीन समय में पंजीयन प्रमाण पत्र, पासबुक की छायाप्रति एवं अन्य सम्यक दस्तावेज सहित आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किये गये हैं। सहकारी समितियों एवं महिला एवं स्व सहायता समूहों का पंजीयन न्यूनतम तीन माह पूर्व का होना अनिवार्य है।निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

## रानू साहू ने जमानत के लिए लगाया आवेदन, सुनवाई 6 नवंबर को

**रायपुर।** कोयला और डीएमएफ घोटाला में जेल में बंद निलंबित आईएएस रानू साहू की ओर से जमानत याचिका लगाई गई है। उन्होंने फिलहाल डीएमएफ केस में ईडी कोर्ट में आवेदन लगाया है। उनकी अर्जी पर सुनवाई 6 नवंबर को होगी। रानू साहू को कोयला घोटाला केस में जुलाई 2022 को गिरफ्तार किया गया था।उसी समय से वह जेल में बंद है। इसके बाद इसी महीने उनकी डीएमएफ घोटाले में गिरफ्तारी की गई है। इस केस में एक अन्य आरोपी माया वारियर को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। 3 दिन पहले उनकी कोर्ट में पेशी हुई थी।

# जिले का एक ऐसा स्कूल जहां न तो शौचालय है न ही मूत्रालय की व्यवस्था

## विद्यालय की इस अव्यवस्था का शिकार हुई मासूम छात्रा

### लघु शंका करने सड़क पर आते हैं बच्चे

**कोरबा।** जिले के कटघोरा नगर पालिका क्षेत्र में एक ऐसा स्कूल संचालित हो रहा है जहां न तो शौचालय की व्यवस्था है और न ही मूत्रालय की। विद्यालय के बच्चे लघु शंका के लिए सड़क पर आते हैं। इतना ही नहीं विद्यालय की कक्षाएं एक धर्मशाला में लगती है। विद्यालय में व्याप्त अव्यवस्था की ओर अभिभावकों ने कई बार विद्यालय प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट करवाया लेकिन प्रबंधन द्वारा कोई कदम नहीं उठाया गया जिसका खामियाजा यहां की एक मासूम छात्रा को भुगतनी पड़ी है।

लघु शंका के लिए सड़क के पास आई इस मासूम छात्रा को तेज रफ्तार पिकअप ने अपनी चपेट में लेते हुए पैरों को बुरी तरह कुचल दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है जहां उपचार जारी है। इस घटना का अहम पहलू यह है कि दुर्घटना के बाद दुर्घटनाकारित वाहन के मालिक ने छात्रा के परिजनों को यह कहा था कि घटना की जानकारी पुलिस अथवा मीडिया को नहीं पहुंचने दें, घायल छात्रा का उपचार उनके द्वारा कराया जाएगा। लेकिन अब वह छात्रा की उपचार की दिशा में आनाकानी कर रहा है। उल्टा छात्रा के परिजनों को धमकी भी दे रहा है।



मिली जानकारी के अनुसार कटघोरा नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 13 जुराली में शिशु मंदिर एक धर्मशाला में संचालित हो रहा है जहां पांचवीं तक की कक्षाएं लगती है। इस स्कूल में विद्यालय प्रबंधन द्वारा न तो शौचालय की व्यवस्था की गई है और न ही मूत्रालय बनवाया गया है। फलस्वरूप विद्यालय के बच्चे लघु शंका व दिशा मैदान के लिए सड़क के पास आते हैं जिससे बच्चों के दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। इस दिशा में विद्यालय में अध्यनरत बच्चों के अभिभावकों द्वारा कई बार विद्यालय प्रबंधन के साथ-साथ संचालक व शिक्षकों का ध्यान आकृष्ट करवाया गया लेकिन इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। विद्यालय परिसर में मूत्रालय की व्यवस्था नहीं होने के कारण कक्षा केजी-1 की छात्रा रूचिका पटेल पिता रमेश पटेल लघु शंका करने के लिए सड़क के पास गई थी तभी वहां तेज व अनियंत्रित रफ्तार से आ रही पिकअप ने मासूम को चपेट में लेते हुए उसके दोनों पैरों कों कुचल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे उपचार के लिए तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा में भर्ती कराया गया। दुर्घटना व वाहन मालिक राजेंद्र ने बच्ची का उपचार अपनी ओर से कराने की बात कही थी लेकिन अब वह इसमें आनाकानी कर रहा है। जिससे उपचार का सारा भार परिजनों पर आ गया है। इतना ही नहीं वाहन मालिक अब छात्रा के परिजनों को धमकी भी दे रहा है।

# सदस्यता का तीन दिनों तक चलेगा महाभियान

**कोरबा।** भाजपा के द्वारा जिले में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है अब कमजोर बूथों में आज से तीन दिनों तक सदस्यता अभियान चलेगा। जिसके लिए सभी मंडलों में अलग-अलग जिम्मेदारी दे दी गई है।

करतला मंडल में आज जिला उपाध्यक्ष आकाश सक्सेना, महामंत्री टिकेश्वर राठिया व नटवर शर्मा कमजोर बूथों पर जाकर लोगों से मुलाकात की और उन्हें संगठन में जोड़ने का प्रयास किया। इसी तरह हरदीबाजार मंडल में भी हरीश थरवानी के नेतृत्व में एक टीम तैयारी की गई है जो आज से उन सभी कमजोर 6-7 बूथों में जाएंगे। इन बूथों में दुर्गेश कश्यप, उषा विश्वकर्मा सहित कई कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। कुदमुरा मंडल में भी मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी श्रीवास ने कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी है। युवा मोर्चा के धनंजय चौहान, कन्हैया राठौर, प्रशांत वर्मा व चेतन वर्मा की कमजोर बूथों में जाकर सदस्य बनाने का काम करेंगे। पसान मंडल में मंडल अध्यक्ष के साथ-साथ युवा मोर्चा के हिमांशु पांडेय, विवेक मारकण्डे सहित अन्य कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है।

कटघोरा मंडल में धन्नू दुबे, अभिषेक गर्ग, किशन केशरवानी, अनुराग दुहलानी सहित युवा मोर्चा के कुछ कार्यकर्ता कमजोर बूथों में जाकर सदस्य बनाने का काम करेंगे। यह कार्य सभी मंडलों में हो रहा है।

# छठ घाट की सफाई शुरू

**कोरबा।** छठ पूजा को देखते हुए पूर्वांचल विकास समिति के सदस्य अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय हो गए हैं। उनके द्वारा छठ घाटों की सफाई की जा रही है। शिव मंदिर सुभाष ब्लॉक में नवीन सिंह व शंकर सिंह के द्वारा मलबा हटाने का काम किया गया है। मलबा हटने के बाद ही नाले में पानी का ठहराव होता है। इसके बाद घाट को सजाने व संवारने का काम शुरू होगा। धर्मसेना के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र बहादुर सिंह, जिला संयोजक साकेत शर्मा के साथ मिलकर कल सर्वमंगला छठ घाट का सफाई किया। आज वे बालको व दर्री क्षेत्र में जाकर छठ घाट की सफाई करेंगे। विकास नगर कालोनी में अमरजीत सिंह व कमलजीत सिंह के नेतृत्व में यहां के कार्यकर्ता सक्रिय हो गए हैं। दीपका ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष दिलीप सिंह ने जानकारी देते हुए बताय ाकि यहां अभी शिव मंदिर व तालाब में छठ की पूजा की जाती है। जिसके सफाई कार्य के लिए कार्यकर्ता सक्रिय हो गए हैं। घुड़देवा अहिरन नदी के किनारे सफाई कार्य परमानंद सिंह, नवल किशोर पंडित, सतीश झा के निर्देशन में होगा। वहीं मानिकपुर पोखरी में प्रत्येक वर्ष पार्षद फूलचंद सोनवानी, राजू श्रीवास्तव सहित पूर्वांचल विकास समिति सदस्य छठ घाट की सफाई करते हैं।

# दीपका में हुआ बजरंग दल का कार्यकर्ता सम्मेलन



**कोरबा।** दीपका नगर में बजरंग दल का कार्यकर्ता सम्मेलन सरस्वती शिशु मंदिर, बुधवारी गेवरा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में बजरंग दल कोरबा जिला संयोजक श्राणा मुखर्जी जी एवं विश्व हिन्दू परिषद के विभाग सह मंत्री अजय यादव जी उपस्थित थे।

सम्मेलन के दौरान, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को संगठन की भूमिका, उसके उद्देश्यों और विचारधारा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पहली बार संगठन से जुड़ने वाले सभी कार्यकर्ताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। राणा मुखर्जी एवं अजय यादव ने संगठन के महत्व और समाज में उसकी सकारात्मक भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर दीपका नगर के सक्रिय कार्यकर्ताओं को संगठन में उनकी भूमिका को समझाते हुए उन्हें नगर कार्यकारिणी का दायित्व सौंपा गया। बैठक में संगठन के विस्तार और जनहित के लिए भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की गई। अंत में, सम्मेलन का समापन देश की एकता, अखंडता और संस्कृति की रक्षा के संकल्प के साथ किया गया।

### युवा मोर्चा अध्यक्ष यादव ने बैठक ली

**कोरबा।** युवा मोर्चा चैतमा के अध्यक्ष बृजेश यादव ने दो अलग-अलग गांवों में कार्यकर्ताओं की बैठक ली। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ सदस्यता अभियान को लेकर विचार विमर्श किया। इस क्षेत्र में टॉवर नहीं होने के कारण मोबाइल का उपयोग काफी कम हो पाता है जिसके चलते सदस्यता अभियान चलाने में कार्यकर्ताओं को परेशानी होती है उन्हें घरों में जाकर सदस्य बनाने पड़ते हैं।

### ओबीसी एसोसिएशन ने कई मांगों को रखा

**कोरबा।** एसईसीएल कुसमुंडा परियोजना में अधिकारियों के साथ ओबीसी वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक हुई। जिसमें कोयला कामगारों की समस्याओं को सामने रखा गया। खासकर दवाईयों की आपूर्ति को लेकर चर्चा की गई। जिसमें मोरध्वज भार्गव व मुकेश साहू ने अपनी बात रखते हुए कहा कि कोयला कामगारों को इलाज के लिए ज्यादा परेशानी न हो इसके लिए ध्यान प्रबंधन को रखना चाहिए। दवाईयों के लिए कामगारों को भटकना न पड़े। इसके अलावा खदान पहुंच मार्ग पर भी चर्चा की गई। बरसात के दिनों में लोगों को हो रही परेशानी एवं दुर्घटनाओं को रोकने के लिए खदान पहुंच मार्ग के मरम्मतीकरण के सुझाव दिए गए। इसी तरह पदोन्नति के मामले को भी रखते हुए कहा गया कि उचित समय पर कामगारों का पदोन्नत होना जरूरी है।

# बोनस की मांग को लेकर ठेका श्रमिकों ने एसईसीएल मुख्यालय के सामने किया



**कोरबा।** दिवाली का बोनस नहीं मिलने से एसईसीएल के ठेका श्रमिक काफी आक्रोशित हो गए है। यही वजह है,कि शनिवार को सैकड़ों की संख्या में ठेका श्रमिक बिलासपुर पहुंचे और एसईसीएल के मुख्यालय का घेराव कर दिए। ठेका श्रमिक हर हाल में दिवाली का बोनस चाहते है।

दिवाली पर बोनस नहीं मिलने से एसईसीएल की खदानों में काम करने वाले ठेका कर्मियों में असंतोष का माहौल निर्मित हो गया है। बोनस की मांग को लेकर ठेका कर्मियों ने कई खदानों में प्रदर्शन कर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा था, लेकिन बात नहीं बनी। यही वजह है कि शनिवार की सुबह गेवरा, दीपका, कुसमुंडा, मानिकपुर के साथ ही अन्य खदान में काम करने वाले ठेका श्रमिक बिलासपुर स्थित एसईसीएल मुख्यालय का घेराव करने रवाना हुए। चार चक्का वाहनों में सैकड़ों की संख्या में मजदूर बिलासपुर के लिए रनावा हुआ हुए हैं,जहां उनके द्वारा जोरदार प्रदर्शन किया जा रहा है। हाथों में तख्ती लेकर ठेका श्रमिक प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे है। ठेका श्रमिक हर हाल में दिवाली का बोनस चाहते है।

# मड़ई में घूम रहे 49 हाथी

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल अंतर्गत एतमानगर रेंज में मौजूद 49 हाथियों का दल अब रेंज के मड़ई परिसर पहुंच गया है। हाथियों के इस दल को आज सुबह ग्रामीणों ने यहां के जंगल में विचरण करते हुए देखा और इसकी सूचना वन विभाग को दी। जिस पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गया है। हाथियों ने यहां पहुंचने से पहले रास्ते में कई ग्रामीणों की फसल को रौंद दिया है। जिसका आंकलन वन विभाग द्वारा किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार हाथियों का उत्पात लगातार जारी रहने से जहां ग्रामीण परेशान हैं वहीं वन विभाग भी इसे लेकर चिंतित नजर आ रहा है। हाथियों की निगरानी ड्रोन कैमरे के जरिए भी की जा रही है। बावजूद इसके हाथी रिहायशी क्षेत्रों व ग्रामीणों की खेतों में पहुंचकर लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं।



### एसईसीएल की खदानों में बढ़ी दुर्घटना

कोरबा। गेवरा में रेलवे लाइन निर्माण के दौरान एक और दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें मिट्टी धसकने से एक मजदूर की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। त्रिवेणी कंस्ट्रक्शन कंपनी के दो ठेका मजदूर, विशाल नायक (26 वर्ष) निवासी-झारखंड, और दशरथ नायक (30 वर्ष), निवासी-झारखंड, गेवरा में एबी कोल स्टॉक के पास रेलवे साइडिंग गेवरा में ड्रेनेज का काम कर रहे थे।इसी दौरान अचानक मिट्टी धसकने से दोनों मलबे में दब गए। घटना के बाद दोनों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया और तुरंत हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने विशाल को मृत घोषित कर दिया।

# महंत ने मंत्री से मुलाकात कर नगर पालिका की समस्या बताई

**कोरबा।** बांकीमोंगरा नगर पालिका की सदस्य ज्योति महंत ने क्षेत्र की समस्याओं को हल करने के लिए महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से मुलाकात की। इस मुलाकात में ज्योति महंत ने स्थानीय जनता की तब आवश्यकताओं और मूलभूत सुविधाओं की कमी का मुद्दा उठाया। उन्होंने क्षेत्र की जल आपूर्ति, सड़क, स्वास्थ्य सुविधाओं और शिक्षा संस्थानों में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। महंत ने बताया कि इन समस्याओं के चलते क्षेत्र के लोगों को असुविधाओं का सामना करना पड़ता है।

महंत ने क्षेत्र में बच्चों और महिलाओं के कल्याण हेतु विशेष योजनाओं की जरूरत पर भी ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से आग्रह किया कि क्षेत्र के विकास कार्यों में तेजी लाई जाए और इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं। इस पर मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ठोस पहल करेगी और जल्द ही समस्याओं के समाधान की दिशा में कार्य शुरू करेगी। इस मुलाकात से क्षेत्र के विकास और मूलभूत सुविधाओं के सुधार की उम्मीद जगी है, जिससे स्थानीय निवासियों में उत्साह देखा जा रहा है।

### भाजपा में संगठन चुनाव के लिए प्रभारी बनाए गए

**कोरबा।** सदस्यता अभियान के बाद अब भाजपा में संगठन चुनाव होगा। बूथ, मंडल व जिले में नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए राजा पांडेय को जिला प्रभारी, संजय भावनानीी को सहप्रारी बनाया गया है। इनके द्वारा बैठक लेकर सभी मंडलों के लिए अलग-अलग प्रभारी बनाए जाएंगे। प्रभारी मंडल में जाकर कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे और सर्वसम्मति के साथ मंडल अध्यक्ष का चयन होगा। यह कार्य बूथों में भी किया जाएगा। चुनाव का यह कार्य पूरे नवंबर माह तक होगा।

### खान बचाओ स्पर्धा में शामिल होंगे कामगार

**कोरबा।** बैकुंठपुर क्षेत्र में कंपनी स्तरीय खान बचाओ प्रतियोगिता आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सभी एरिया के कामगार यहां पहुंचकर प्रतायोगिता में शामिल होंगे। अचानक खदान में दुर्घटना होने परर किस तरीके से काम किए जाते हैं इसकी प्रदर्शनी होगी। प्रथम आने वाले क्षेत्र को पुरस्कार दिए जाएंगे। कार्यक्रम में एसईसीएल के अधिकारियों के अलावा यूनियन प्रतिनिधि गोपाल नारायण सिंह, धर्मा राव, कमलेश शर्मा, नाथूलाल पांडेय, रेशम लाल यादव सहित वेलफेयर व सेफ्टी सदस्य शामिल होंगे।

### ब्राह्मण द्वीज परिवार की बैठक

**कोरबा।** ब्राह्मण द्वीज परिवार की बैठक संरक्षक मनोरमा शर्मा के निवास स्थान पर आयोजित की गई। इस बैठक में आंवला नवमी सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गई। अध्यक्ष राजेश पांडेय ने अपनी बात रखते हुए कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए लगातार कार्यक्रम हो रहे हैं। पौधारोपण के साथ-साथ भोग वितरण का कार्यक्रम हुआ था। आने वाले दिनों में आंवला नवमी के अलावा कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्य में समिति के विष्णु शंकर आदि का सहयोग मिल रहा है।

### श्रमिक नेता सियाराम नहीं रहे

**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुर परियोजना में कार्यरत कर्मी व एचएमएस के अध्यक्ष सियाराम का गत रात्रि इलाज के दौरान निधन हो गया। उन्हें बीमार हालत में अपोलो चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। निधन की खबर लगते ही कालोनी में शोक की लहर फैल गई। आज उनका दाह संस्कार मानिकपुर मुक्तिधाम में किया जाएगा।




# एसईसीएल की धड़कन योजना से हृदय रोग पीड़ित 20 बच्चों का हुआ उपचार

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की सीएसआर पहल एसईसीएल की धड़कन के तहत 20 बच्चों के जन्मजात हृदय रोग की सर्जरी सफलतापूर्वक की जा चुकी है।

इस उपलक्ष्य में 25 अक्टूबर को रायपुर में डिस्चार्ज हो रहे बच्चों के लिए श्री सत्य साई संजीवनी हॉस्पिटल में गिफ्ट ऑफ लाइफ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में एसईसीएल निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री सत्य साई हेल्थ एन्ड एजुकेशन ट्रस्ट के चेयरमैन सी श्रीनिवासन ने की। अपने वक्तव्य में श्री दास ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य हमारे परियोजना प्रभावित क्षेत्रों खासकर ग्रामीण एवं आदिवासी-बाहुल्य क्षेत्रों के उन बच्चों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करना है, जो हृदय संबंधी गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं और चिकित्सा का खर्च उठाने में असमर्थ हैं।



इस दौरान श्री दास ने हॉस्पिटल के ऑपरेशन थियेटर, नियो-नेटल वार्ड में जाकर मरीजों से बातकर उनका हालचाल जाना। उन्होंने हॉस्पिटल स्टाफ से बात की एवं चिकित्सा सुविधाओं के बारे में भी जाना। श्री दास द्वारा हॉस्पिटल के ऑडिटोरियम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में डिस्चार्ज हो रहे बच्चों को स्नेह भेंट देते हुए बच्चों के स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। योजना के लाभार्थियों ने कहा कि एसईसीएल की इस योजना से हमारे बच्चों का निशुल्क इलाज संभव हो सका जिसके लिए हम एसईसीएल प्रबंधन के बहुत आभारी हैं।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com